सुविचार

मेहनत और धैर्य से हर कठिन मंजिल आसान बन जाती है, बस खुद पर विश्वास बनाए रखें।

# प्रथम न्यूज

PRATHAM NEWS
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Website: www.prathamnews.in
email:- dainikprathamnews@gmail.com
Pratham News
@dainikprathamnews




15 गेंदों में तय हो गई थी मुंबई इंडियंस की हार, राजस्थान ने बनाई प्लेऑफ में जगह...

» पृष्ठ 7 पर


जालंधर, वर्ष: 16 अंक : 143 | दिनांक : सोमवार, 25 मई 2026 | सम्पादक : विवेक धीर | सम्पर्क: | 97796-00900 | पन्ने- 8 | मूल्य: ₹ 2.00/- | RNI No I PUNHIN/2010/36540


## पंजाब सरकार ने 87 खिलाड़ियों को महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार व 1070 पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# पंजाब के खिलाड़ियों ने दुनिया में बढ़ाई तिरंगे की शानः सीएम मान

### खिलाड़ियों में 32.05 करोड़ रुपए की ईनामी राशि वितरित

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
24 मई ( एएम नाथ )

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को सेक्टर-35 स्थित म्यूनिसिपल भवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में 87 खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार तथा विभिन्न खेलों में पदक जीतने वाले 1070 खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान खिलाड़ियों में कुल 32.05 करोड़ रुपये की इनामी राशि वितरित की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने ओलंपिक और एशियाई खेलों के पदक विजेताओं को एक-एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि देने के साथ-साथ 9 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां भी प्रदान की हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार 220 खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए 8.61 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में भेजी गई है।

सीएम मान ने कहा कि पंजाब के खिलाड़ियों ने दुनिया में तिरंगे को शान को बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घोषणा की कि वर्ष 2026-27 के लिए खेल विभाग का बजट बढ़कर 1763 करोड़ रुपये किया गया है। इसके अलावा गांवों में खेल प्रतिभा को निखारने के लिए 1300 करोड़ रुपये की लागत से 3148 ग्रामीण खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार खेलों के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।



### कई खिलाड़ियों को बड़ी पुरस्कार राशि

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, हरलीन देओल और अमनजोत कौर को विश्व कप जीतने पर डेढ़-डेढ़ करोड़ रुपये दिए गए। निशानेबाजी में विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अमनप्रीत सिंह को 1.54 करोड़ रुपये और नीरज कुमार को 1.52 करोड़ रुपये की राशि दी गई। किरनदीप कौर और कृतिका शर्मा को 50-50 लाख रुपये प्रदान किए गए। इसके अलावा विजेचीर सिद्धू को 28.50 लाख रुपये, वुशू खिलाड़ी कुशल कुमार को 25 लाख रुपये और पैरा-पावरलिफ्टर परमजीत कुमार को 55 लाख रुपये की सम्मान राशि दी गई।

### पंजाब पहली बार करेगा एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब पहली बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर को पंजाब दिवस के अवसर पर भारत और पाकिस्तान के बीच रोमांचक मुकाबला आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब ने देश को अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और पदक दिए हैं, लेकिन पूर्व सरकारों ने राज्य को कभी बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी का अवसर नहीं दिया।

### खेल संघों से राजनीति खत्म करने का दावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले खेल संघों पर राजनीतिक लोगों का दबदबा रहता था, लेकिन उनकी सरकार ने इस प्रवृत्ति को खत्म कर खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2019 से 2023 तक लंबित पड़े महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कारों का वितरण पूरा कर दिया है।

### महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार विजेताओं का सम्मान

विजेता को ब्लेजर, मान-पत्र, महाराजा मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रत्येक पुरस्कार रणजीत सिंह की स्मृति चिन्ह और 5 लाखा रुपये की राशि दी गई। कुल 87 खिलाड़ियों को यह पुरस्कार प्रदान करते हुर 4.35 करोड़ रुपये वितरित किए गए।

### पंजाब ने देश को दिए कई कप्तान

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब ने भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और भारतीय बास्केटबॉल टीम के कप्तान पलप्रीत सिंह बराड़ जैसे खिलाड़ी देश को दिए हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार ने पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता हॉकी खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये की राशि दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के लिए आउटस्टैंडिंग स्पोर्टसपर्सन कैडर बनाया है, जिसमें 500 पद सृजित किए गए हैं। साथ ही 45 जूनियर कोच और 3 कोचों की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पंजाब देश का पहला राज्य बन गया है जिसने खेल विज्ञान के लिए अलग स्पोर्ट्स मेडिसिन कैहर स्थापित किया है।

### युवा भवन का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ के सेक्टर-42 में 43.66 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले युवा भवन का वर्चुअल शिलान्यास भी किया। इस भवन में 200 युवाओं के लिए छात्रावास, 400 सीटों वाला ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल, सेमिनार हॉल और अन्य आधुनिक सुविधाएं होंगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों की सुविधा के लिए तैयार किए गए पंजाब स्पोर्टस पोर्टल की भी शुरुआत की, जिसके माध्यम से खिलाड़ी देश-विदेश में कहीं से भी खेल संबंधी जानकारी और सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

### खिलाड़ियों को अब पहले मिलेगी आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने खिलाड़ियों को कंवल जीत के बाद सम्मानित करने की पुरानी व्यवस्था बदल दी है। अब खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं से पहले प्रशिक्षण और उपकरणों के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि नए लॉन्च किए गए पंजाब स्पोर्टस पोर्टल के माध्यम से 15 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खिलाड़ियों को दी जा चुकी है। इस पोर्टल पर शूटिंग, फेसिंग, कायाकिंग और तीरंदाजी जैसे खेलों के लिए विशेष अनुदान की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

## संक्षिप्त न्यूज

### ईरान-अमेरिका के बीच 60 दिनों के सीजफायर का जल्द हो सकता है ऐलान



**वांशीगटन ( एजेंसी )**- ईरान और अमेरिका 60 दिनों के अंतरिम समझौते की तरफ बढ़ रहे हैं। ईरान और अमेरिका के बीच फिर से 60 दिनों के सीजफायर होने की पूरी संभावना है। रिपोर्ट्स में दावा है कि फिर से सीजफायर का ऐलान किसी भी वक्त हो सकता है। दावा ये भी है कि अभी पूरी तरह से युद्धविराम में समय लग सकता है। हालांकि, इस बार के सीजफायर में ईरानी तेल की बिक्री और होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने पर सहमति बन सकती है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर 60 दिनों के अंदर सहमति बनाने पर चर्चा होगी। एक्सियोस ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि 60 सीजफायर के दौरान, महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य बिना किसी शुल्क के खुल जाएगा और ईरान जलमार्ग में बिछाई गई बारूदी सुरंगों को हटा देगा। इससे जहाजों का आवागमन सुरक्षित हो जाएगा।

इसके बदले में अमेरिका ईरानी बंदरगाहों पर लगी नाकाबंदी हटाएगा और ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति देने के लिए कुछ प्रतिबंधों में ढील देगा। इसके अलावा, एक्सियोस के अनुसार, अमेरिका से 60 दिनों की अवधि के दौरान ईरानी की फ्रीज संपत्तियों पर लगे प्रतिबंधों को हटाने और उन्हें मुक्त करने की भी उम्मीद की जाएगी। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, समझौते में ईरान से यह प्रतिबद्धता मांगी गई है कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा, यूरेनियम संवर्धन रोकेगा और अपने पास मौजूद अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को हटाएगा।

### कर्नाटक में बड़ा हादसा

## नदी में सीपियां चुनते समय 7 महिलाओं समेत 8 लोगों की डूबने से मौत

**बेंगलुरु ( ब्यूरो )** - कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। जानकारी मिली है कि नदी में सीपियां इकट्ठा करते समय पानी में डूब जाने से 8 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद दो लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ये हादसा कारवार में तत्थेहकालु नदी में हुआ। यहां एक ही परिवार के परिवार के लोग सीपियां इकट्ठा करने गए थे। तभी नदी में पानी का स्तर बढ़ गया और तेज बहाव में लोग बह गए। इस दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 7 महिलाएं हैं। सभी एक ही परिवार के थे। दो लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं।



# पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में आत्मघाती हमला, 30 की मौत, 70 लोग घायल

## रेलवे ट्रैक पर हुआ हमला, ट्रेन के उड़े परखच्चे, थेबलूच लिबरेशन आर्मी ने ली हमले की जिम्मेदारी

» प्रथम न्यूज । क्वेटा
24 मई ( एजेंसी )

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक मिलिट्री ट्रेन पर हमला हुआ। इस आत्मघाती हमले में 30 लोगों की मौत हो चुकी है। 70 से ज्यादा लोग इसमें घायल हुए हैं। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक 47 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ने की आशंका है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) ने एक बयान भी जारी किया जिसमें उन्होंने इस बड़े आत्मघाती हमले की आधिकारिक जिम्मेदारी ले ली है।

यह हमला रविवार सुबह करीब 8:00 बजे उस वक्त हुआ, जब क्वेटा छावनी (Quetta Cantt) से सैन्य कर्मियों को लेकर एक ट्रेन शहर की तरफ बढ़ रही थी।

जैसे ही ट्रेन चमन फाटक के पास पहुंची, तभी उसे एक जोरदार धमाके से उड़ा दिया गया। धमाका इतना शक्तिशाली था कि इसकी गूंज काफी दूर तक सुनी गई है। ब्लास्ट के कारण ट्रेन पटरी से उतर गई और उसकी बोगियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। धमाके के तुरंत बाद घटनास्थल पर सुरक्षा बलों और हमलावरों के बीच भीषण गोलीबारी शुरू हो गई, जो अभी भी जारी है। पूरे इलाके को सेना ने चारों तरफ से घेर लिया है।



### बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) के मजीद ब्रिगेड ने ली जिम्मेदारी

बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) के प्रवक्ता जीयंद बलोच ने 24 मई 2026 को मीडिया के लिए जारी एक आधिकारिक बयान में इस हमले की पूरी जिम्मेदारी ली है।

बीएलए ने बयान जारी कर बताया कि इस सुबह, बलूच लिबरेशन आर्मी की फिदायीन (आत्मघाती) यूनिट मजीद ब्रिगेड के प्रवक्ता जीयंद बलोच ने बताया कि क्वेटा कैंट से दुश्मन सेना के जवानों को ले जा रही ट्रेन को एक बेहद सुनियोजित फिदायीन हमले में निशाना बनाया है। इस हमले में दुश्मन सेना को हुए जान-माल के भारी नुकसान की विस्तृत जानकारी जल्द ही जारी की जाएगी।

# होर्मुज पर कुछ घंटों में आएगी गुड न्यूज

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बीच बता दी बड़ी खबर



» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
24 मई ( ब्यूरो )

ईरान और अमेरिका के बीच डील हो जाती है तो ये दुनियाभर के लिए गुड न्यूज साबित होगी।

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान रूबियो ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को लेकर कुछ घंटों में गुड न्यूज आने वाला है। हालांकि उन्होंने साफ कर दिया कि ये गुड न्यूज है लेकिन फाइनल न्यूज नहीं है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ट्रूथ सोशल पोस्ट में कहा था कि ईरान के साथ शांति वार्ता लगभग अंतिम चरण में है।

उन्होंने कहा कि कुछ बिंदुओं पर चर्चा होनी बाकी है। इसके अलावा अमेरिका अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से कहा कि ईरान अपने न्यूक्लियक स्टॉक को छोड़ने की लिए राजी हो गया है। अगर ईरान और अमेरिका के बीच डील हो जाती है तो ये दुनियाभर के लिए गुड न्यूज साबित होगी।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते अटूट हैं। दोनों देशों के बीच रणनीतिक रिश्ता भी काफी मायने रखता है।

उन्होंने कहा, दोनों देशों ने आतंकवाद झेला है। दुनिया में हमारे सबसे स्ट्रेटेजिक पार्टनर्स में से एक भारत है। हम दो सबसे बड़ी डेमोक्रेसी हैं। दोनों देशों के हित एक जैसे हैं।

हमारी स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप सिर्फ रीजनल नहीं है, रीजन से आगे। वेस्टर्न हेमिस्फ़ेयर या स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़ पर हमारा बहुत ज़्यादा तालमेल है। जरूरी मिनरल्स तक पहुंच एक जरूरी मुद्दा है।

# अमृतसर में गुरुद्वारा शहीदां साहिब के लंगर हॉल की छत गिरी, सेवा कर रहीं दो महिलाओं की मौत, पांच घायल

### -एसजीपीसी प्रधान बोले- मृतकों के परिवार को 2-2 लाख देंगे

» प्रथम न्यूज । अमृतसर
24 मई ( साहिब दयाल )


अमृतसर में रविवार को गुरुद्वारा शहीद गंज बाबा दीप सिंह जी (शहीदां साहिब) में बड़ा हादसा हो गया। यहां निर्माणाधीन लंगर हॉल की छत की लोहे की प्लेटें अचानक टूटकर नीचे गिर गईं। हादसे के समय कई महिलाएं लंगर हॉल में सेवा कर रही थीं। जिसमें दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के तुरंत बाद गुरुद्वारा परिसर में मौजूद लोगों ने राहत कार्य शुरू किया और मलबे में फंसी महिलाओं को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। घायलों को तुरंत श्री गुरु रामदास अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।



मौके पर पहुंचे लोगों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब निर्माणाधीन लंगर हाल में सेवा का काम चल रहा था। अचानक छत की भारी लोहे की प्लेटें नीचे गिर पड़ीं। हादसे के बाद गुरुद्वारा परिसर में चीख-पुकार मच गई और लोगों में दहशत फैल गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अमृतसर की पुलिस अधिकारी अमनदीप कौर ने बताया कि घायल महिलाओं का इलाज किया जा रहा है और अस्पताल में सभी डॉक्टर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में बड़ी संख्या में लोग घायल महिलाओं के साथ अस्पताल के अंदर पहुंच गए थे, जिससे इलाज में परेशानी हो रही थी। बाद में सभी को बाहर कर दिया गया ताकि डॉक्टर आसानी से उपचार कर सकें। हादसे के बाद गुरुद्वारा परिसर में शोक का माहौल है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग अस्पताल तथा घटनास्थल पर पहुंचे। प्रशासन की ओर से पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि निर्माणाधीन छत की लोहे की प्लेटें किस कारण गिरीं और कहीं निर्माण कार्य में लापरवाही तो नहीं हुई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल प्रशासन की प्राथमिकता घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करना है। इस हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

वहीं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने मृतक महिलाओं के परिवारों को 2-2 लाख देने का ऐलान किया। एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर धामी ने कहा कि ये प्लेट तेज हवा चलने के कारण गिरी। एसजीपीसी की ओर से सभी घायलों का मुफ्त इलाज कराया जाएगा।





संक्षिप्त न्यूज



## जगद्गुरु स्वामी अशनील जी महाराज ने चिंतपूर्णी और कांगड़ा मंदिर के लिए श्रद्धालुओं की बस रवाना की

**अमृतसर ( साहिब दयाल )** शिवाशक्ति सेवा समिति की तरफ से मां चिंतपूर्णी मां कांगड़ा जी की यात्रा के लिए नारायणगढ़ छेहरटा से जगद्गुरु स्वामी अशनील महाराज जी ने बस रवाना की और उनके साथ बीजेपी के कुमार अमित और प्रधान ऋतिक कालिया मौजूद रहे।

## माउंट लिट्रा जी स्कूल अमृतसर में अंतर्राष्ट्रीय जीव विविधता दिवस मनाया



**अमृतसर ( साहिब दयाल )** फताहपुर के नजदीक गांव थांदे में माउंट लिट्रा जी स्कूल अमृतसर में अंतर्राष्ट्रीय जीव विविधता दिवस मनाया। इस अवसर पर स्कूल ने कक्षा 6 से 8 के छात्रों के लिए एक दिलचस्प पोस्टर-बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जीव विविधता के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करना और युवा छात्रों के बीच रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के कर्मचारियों द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद प्रिंसिपल जसविंदर सेठी ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा के महत्व और स्थानीय तथा वैश्विक जीव विविधता के संरक्षण में छात्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला। मिस सेठी ने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया और यह समझाया कि आज उठाए गए छोटे-छोटे कदम भविष्य में बड़े बदलाव ला सकते हैं। छात्रों ने पोस्टर-बनाने की प्रतियोगिता में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और ऐसी कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं जिनमें आवास संरक्षण, प्रजातियों का संरक्षण, सतत जीवन शैली और जीवों की परस्पर निर्भरता जैसे विभिन्न विषयों को दर्शाया गया था। स्कूल के एमडी मैडम नवदीप कौर गिल ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

## लव कुश शिक्षा केंद्र स्कूल किशनकोट में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**अमृतसर ( साहिब दयाल )** लव कुश शिक्षा केंद्र स्कूल किशनकोट में विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बेस्ट ट्रीट आयुर्वेदा और सीआरएल डायग्नोस्टिक के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हुए। जानकारी देते हुए प्रिंसिपल मैडम मोनिका बावा और संचालक विजय कुमार बावा ने बताया कि यह शिविर सुबह 9ः00 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर में इलाका वासियों को अपनी सेवाएं देने पहुंचे निजी लैब के माहिरों डाक्टरों ने सीबीसी, एलएफटी, केएफटी, लिपिड प्रोफाइल, थायराइड, कैल्शियम, यूरीन रूटीन सहित विभिन्न रोगों की जांच की। साथ ही जनरल मेडिकल चेकअप की मुफ्त सुविधा भी उपलब्ध रही। प्रिंसिपल मोनिका बावा ने बताया कि शिविर में आने वाले मरीजों के लिए ब्लड शुगर तथा बीपी की मुफ्त जांच की गई है।

## मेरा मुख्य लक्ष्य अपने वार्ड और जीरा शहर का विकास करना है : बिट्टू विज

**ज़ीरा, 24 मई ( अंग्रेज बराड़ )** - मेरा मुख्य लक्ष्य अपने वार्ड और ज़ीरा शहर का विकास करना है! ये शब्द ज़ीरा नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष और शिरोमणि अकाली दल बादल के नेतृत्व में वार्ड संख्या 12 से ज़ीरा नगर परिषद चुनाव लड़ रहे सुखदेव बिट्टू विज ने ज़ीरा में पत्रकारों से बातचीत में कहे। उन्होंने कहा कि वे शहरवासियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हैं। उन्हें अपने वार्ड और सभी शहरवासियों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि हल्का प्रभारी सरदार हरप्रीत सिंह हीरो के नेतृत्व में अकाली दल बादल द्वारा लड़े जा रहे चुनावों में, अकाली दल बादल के उम्मीदवार 17 वार्डों में बड़े अंतर से जीत हासिल करेंगे! सुखदेव बिट्टू विज ने कहा कि वे ज़ीरा शहर की प्रगति के लिए दिन-रात काम करेंगे और ज़ीरा में यातायात की समस्या का भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। अंत में, उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य शहर में स्वच्छता सुनिश्चित करना और उसे हरा-भरा बनाना है।



# जालंधर भाजपा के 6-7 जून को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को लेकर जिम्मेवारिया तय

### *भाजपा शासित राज्यो मे तरक्की विकास सुरक्षा बेहतर कारगुजारी भाजपा पंजाब विजय का आधार बनेगी-सुशील शर्मा*

» प्रथम न्यूज । जालंधर
24 मई ( शैली अल्बर्ट )





भारतीय जनता पार्टी जिला जालंधर (शहरी) के अध्यक्ष सुशील शर्मा की अध्यक्षता में आगामी 6 जून शनिवार और 7 जून रविवार को आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय भाजपा कार्यालय, सर्कुलर रोड, नज़दीक शीतला माता मंदिर में सम्पन्न हुई। यह प्रशिक्षण शिविर भाजपा जालंधर (शहरी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

बैठक में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षण शिविर को सफल एवं प्रभावी बनाने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियां जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सौंपी गईं। शिविर की व्यवस्थाओं, अनुशासन, आवास, भोजन, पंजीकरण एवं कार्यक्रम संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित करती रहती है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय एवं राष्ट्रवाद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर अत्यंत आवश्यक हैं।

सुशील शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरे समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि यह प्रशिक्षण शिविर संगठनात्मक दृष्टि से ऐतिहासिक एवं सफल सिद्ध हो।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री मंथरी श्रीनिवासुलु ने कहा कि पंजाब के लोग भाजपा को बेहतर भविष्य, सुरक्षा और विकास के मजबूत विकल्प के रूप में देख रहे हैं मंथरी श्रीनिवासुलु ने कहा कि पंजाब की जनता अब पारंपरिक राजनीतिक दलों से निराश हो चुकी है और प्रदेश के लोग भाजपा को अपने सुरक्षित, विकसित और उज्जवल भविष्य के मजबूत विकल्प के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो राष्ट्रहित, सुशासन, सुरक्षा और विकास की राजनीति करती है।मंथरी श्रीनिवासुलु कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति कर रहा है और पंजाब के लोग भी अब विकास, रोजगार, उद्योग, बेहतर कानून व्यवस्था और पारदर्शी प्रशासन के लिए भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संचालन समिति के प्रमुख अशोक सरीन हिक्की,सह प्रमुख दविंदर भारद्वाज,मनीष विज,अतिथि संपर्क संपर्क समिति रमन पब्बी,सुभाष सूद,रवि महेंदरू,आवास समिति के प्रमुखअमरजीत सिंह गोल्डी,सह-प्रमुख अमित भाटिया,शाम शर्मा,भोजनालय प्रमुख अश्वनी भंडारी सह-प्रमुख पार्षद कंवर सरताज,एडवोकेट डिंपी लुभाना,मंच संचालन प्रमुख दविंदर कालिया,सह-प्रमुख बृजेश शर्मा,प्रमोद कश्यप,नियंत्रक समिति प्रमुख पुनीत शुक्ला (सिवल मेंबर कैंट बोर्ड जालंधर कैंट),सह-प्रमुख दर्शन लाल भगत,श्रीमती शालू,पंजीकरण समिति प्रमुख भूपेन्द्र कुमार,सह-प्रमुख गोपाल कृष्ण सोनी,योगेश मल्होत्रा,दीपाली बागड़िया,अनिल शर्मा,विकास कैथ,प्रचार मीडिया विभाग प्रमुख अमित भाटिया,सह-प्रमुख दिनेश मल्होत्रा,उमेश बतरा,प्रदर्शनी प्रमुख राजेश कपूर,सह-प्रमुख राजेश मल्होत्रा (आर.के),सन्नी शर्मा,परिसर सज्जा प्रमुख सुनील शर्मा( सन्नी ),सह-प्रमुख संजीव मनी,पंकज जुल्का,अजमेर सिंह बादल,सूर्या मिश्रा,सुरक्षा विभाग प्रमुख ललित बब्बू,सह-प्रमुख मनीष बल,अजय ठाकुर,सोनू चौहान,सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख हितेश स्याल,राजीव ढींगरा,भगवंत प्रभाकर आदि कार्यकर्ताओ को अलग-अलग विभागों कि जिम्मेवारी दी गई।इस बैठक मे जिन भाजपा कार्यकर्ताओ की ड्यूटी लगाई गई वो सब उपस्थित रहे।

# पंजाब में 2027 चुनाव से पहले मुस्लिम राजनीति का बड़ा ऐलान, टिकट नहीं मिला तो आजाद उम्मीदवार उतारेंगे - एडवोकेट नईम खान

### मुस्लिम संगठन का अकाली दल को भी दो टूक संदेश, जालंधर वेस्ट से आबिद हसन सलमानी को दिया जाए टिकट

» प्रथम न्यूज । जालंधर
24 मई ( डोगरा )



पंजाब में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज़ हो गई है। देर रात अकाली दल के जिला वाइस प्रधान हाजी आबिद हसन सलमानी और मुस्लिम संगठन पंजाब के प्रधान एडवोकेट नईम खान के बीच हुई एक गुप्त बैठक ने राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। इस अहम बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई और पंजाब में मुस्लिम समाज की अलग राजनीतिक ताकत खड़ी करने पर गंभीर चर्चा हुई। इस अवसर पर मुस्लिम संगठन पंजाब के जनरल सेक्रेटरी मज़हर आलम मजाहिरी भी साथ-साथ थे।

सूत्रों के अनुसार बैठक कई घंटों तक चली, जिसमें पंजाब की मौजूदा राजनीतिक स्थिति, मुस्लिम समाज की राजनीतिक भागीदारी और आने वाले चुनावों में मुस्लिम नेतृत्व को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि अब पंजाब का मुस्लिम समाज केवल वोट बैंक बनकर नहीं रहेगा, बल्कि अपनी मजबूत राजनीतिक पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए एडवोकेट नईम खान ने साफ शब्दों में कहा कि हर चुनाव में मुसलमानों से वोट लिए जाते हैं, लेकिन जब टिकट और प्रतिनिधित्व देने की बात आती है तो हमें नजरअंदाज कर दिया जाता है। अब मुस्लिम समाज चुप नहीं बैठेगा। अगर राजनीतिक पार्टियों ने मुसलमानों को टिकट नहीं दिया तो मुस्लिम संगठन पंजाब अपने निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में उतारेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब भर में मुस्लिम समाज से लगातार राय ली जा रही है और जल्द ही एक मजबूत राजनीतिक रणनीति सामने लाई जाएगी। उनके अनुसार मुस्लिम युवा, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और धार्मिक नेता अब एक मंच पर आने की तैयारी कर रहे हैं।

इस दौरान हाजी आबिद हसन सलमानी का नाम भी राजनीतिक चर्चाओं में तेजी से उभरकर सामने आया। एडवोकेट नईम खान ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा अगर शिरोमणि अकाली दल ने जालंधर वेस्ट सीट से आबिद हसन सलमानी को टिकट नहीं दिया तो वह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे और मुस्लिम संगठन पंजाब उनका पूरा समर्थन करेगा। क्योंकि आबिद हसन सलमानी साहब ने 25 सालों तक अकाली दल के साथ चट्टान की तरफ खड़े हैं और पार्टी के लिए लगातार सक्रिय काम करते रहे हैं।

इस बयान के बाद पंजाब की राजनीति में कई नए सवाल खड़े हो गए हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अगर मुस्लिम वोट एकजुट हुआ तो कई विधानसभा सीटों पर चुनावी समीकरण बदल सकते हैं। खासकर जालंधर, मालेरकोटला, लुधियाना, पठानकोट , मलोट,और अमृतसर जैसे क्षेत्रों में इसका असर साफ दिखाई दे सकता है।

राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक यह बैठक केवल एक सामान्य मुलाकात नहीं, बल्कि पंजाब में एक नई मुस्लिम राजनीतिक सोच और नेतृत्व की शुरुआत मानी जा रही है। आने वाले समय में यदि बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने मुस्लिम प्रतिनिधित्व को गंभीरता से नहीं लिया, तो 2027 का विधानसभा चुनाव पंजाब की राजनीति में बड़ा बदलाव ला सकता है।

# हरभजन सिंह के आरोपों से पंजाब की सियासत गरमाई

### AAP और कांग्रेस में तीखी बयानबाजी

**जालंधर ( ब्यूरो )**- भारत के पूर्व ऑफ-स्पिनर और मौजूदा राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने आम आदमी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि पंजाब से राज्यसभा की सीट बेची गई थी। उनके इस आरोप के एक दिन बाद,ക്ക ने शनिवार को उन पर BJP की लिखी स्क्रिप्ट पर चलने का आरोप लगाते हुए पलटवार किया है।



**वह बीजेपी के तोते बन गए है : हरपाल चीमा**

पंजाब के मंत्री हरपाल चीमा ने कहा, वह चार साल तक चुप क्यों रहे? क्या उन्हें यह बात आज ही याद आई, BJP में शामिल होने के बाद? अब, वह BJP के तोते बन गए हैं और इसी तरह बोलेंगे।

वित्त मंत्री ने कहा कि वह (हरभजन सिंह) BJP द्वारा गढ़ी गई मनगढ़ंत कहानी पेश करेंगे। वह AAP को बदनाम करने के लिए BJP के लिए काम कर रहे हैं। वह BJP के प्रवक्ता हैं और अब वह ऐसी ही बेबुनियाद और मनगढ़ंत कहानियां फैलाएंगे।

**कांग्रेस ने AAP और BJP से मांगा जवाब**

वहीं, इस पूरे विवाद में कांग्रेस भी कूद पड़ी है, विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने ङ्ग पर पोस्ट करते हुए कहा, अब राज खुल गया है। हरभजन सिंह ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि पैसों का लेन-देन हुआ था। सवाल सीधा सा है- किसने किसे और कितने पैसे दिए।

# गुरदासपुर के 29 वार्डों में 404.65 लाख रुपए की लागत से होंगे विकास कार्य

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
24 मई ( संदीप सन्नी )




गुरदासपुर के हलका इंचार्ज रमन बहल और इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव शर्मा ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान घोषणा की कि गुरदासपुर शहर के सभी 29 वार्डों में 404.65 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे।

इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और काम जल्द शुरू होंगे।

विकास कार्यों का विवरणः बहल ने बताया कि शहर की गलियों और नालियों के निर्माण के अलावा फिश पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिसमें नई स्ट्रीट लाइटें, फव्वारे और बाथरूम बनाए जाएंगे। शहर की कच्ची गलियों को पक्का करने के साथ-साथ बाबोवाल, क्रिश्चियन मोहल्ला और कलानौर रोड स्थित बस्तियों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य किए जाएंगे। ये सभी कार्य 15 मई तक शुरू कर दिए जाएंगे।

शहर को मिलेगा आधुनिक स्वरूपः चेयरमैन शर्मा ने इंप्रूवमेंट ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया

- शहर के 42 स्थानों पर अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।
- ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए 5 प्रमुख चौकों पर ट्रैफिक लाइटें लगाई जाएंगी।
- बबरी बाईपास और पठानकोट बाईपास पर हेरिटेज गेट बनाए जाएंगे।
- भगवान परशुराम चौक का 15 लाख रुपए की लागत से नवीनीकरण होगा।
- बस स्टैंड के पास ट्रस्ट द्वारा पेट्रोल पंप और 1.50 करोड़ रुपए की लागत से कम्युनिटी हॉल का निर्माण किया जाएगा।

जनता की सेवा ही प्राथमिकताः बहल ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि गुरदासपुर उनकी कर्मभूमि है और वे 24 घंटे जनता की सेवा के लिए हाजिर हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सड़कों को चौड़ा करने और बिजली के खंभों को हटाने जैसे कार्यों से शहर को एक मॉडल शहर बनाया जाएगा। इस अवसर पर हितेश महाजन और रघबीर सिंह खालसा भी उपस्थित थे।

# खेतों को आग से बचाएं, पर्यावरण और मिट्टी की सेहत संभालें

### -नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई; जिले में निगरानी के लिए नोडल अधिकारी तैनातॉ

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
24 मई ( संदीप सन्नी )





जिला प्रशासन गुरदासपुर द्वारा खेतों में फसल अवशेष (नाड़) जलाने की प्रथा पर रोक लगाने के लिए अभियान को और तेज कर दिया गया है। डिप्टी कमिश्नर आदित्य उप्पल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न गांवों में नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं ताकि इस हानिकारक रुझान पर पैनी नजर रखी जा सके।

**स्वास्थ्य और मिट्टी पर दुष्प्रभाव**

डिप्टी कमिश्नर उप्पल ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी स्थिति में खेतों में अवशेषों को आग न लगाएं। उन्होंने इसके दुष्प्रभावों पर जोर देते हुए कहाः

**वायु प्रदूषण :** आग से निकलने वाला धुआं न केवल हवा को प्रदूषित करता है, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है।

**उर्वरा शक्ति का ह्रास :** आग लगाने से मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्व और मित्र जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे जमीन की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है।

**प्राकृतिक संतुलन :** खेतों में रहने वाले लाभकारी कीट-पतंगे भी आग की भेंट चढ़ जाते हैं, जिससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ता है।

**कृषि विभाग की सहायता और तकनीक :** मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. रणधीर सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा किसानों को अवशेष प्रबंधन के लिए आधुनिक मशीनरी पर सब्सिडी और तकनीकी सलाह दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अवशेषों को खेत में ही खपाने से जहाँ खाद की बचत होती है, वहीं खेती की लागत भी घटती है और अगली फसल की पैदावार बेहतर होती है।

**सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी** - डॉ. ठाकुर ने किसानों को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारी नियमों का उल्लंघन कर आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जमीन की सेहत बनाए रखना हर किसान की सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि खेतों में आग न लगाना केवल एक कानूनी अनिवार्यता नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

# पैट्रोल और डीजल के एक सप्ताह में तीसरी बार बढ़ाए गए दामों ने राज्य भर में घरेलू बजट को बुरी तरह प्रभावित किया है : डॉ. अजय बग्गा

» प्रथम न्यूज । होशियारपुर
24 मई ( तरसेम दीवाना )



सामाजिक जागरूकता के लिए सेवारत संस्था सवेरा (सोसायटी फॉर सोशल अवेयरनैस) ने पंजाब सरकार से पैट्रोल और डीजल पर राज्य स्तरीय टैक्स वैट को कम करने की अपील की है, ताकि यह मजबूत संदेश जाए कि आप सरकार संकट की इस घड़ी में आम आदमी के साथ खड़ी है। सवेरा के संयोजक डॉ. अजय बग्गा ने कहा कि पैट्रोल और डीजल के दाम एक सप्ताह में तीसरी बार बढ़ाए गए हैं, और इस लगातार बढ़ौतरी ने राज्य भर में घरेलू बजट को बुरी तरह प्रभावित किया है। डॉ. बग्गा ने कहा कि भले ही केंद्रीय उत्पाद शुल्क और अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की दरें ईंधन की कीमतों को प्रभावित करती हैं, लेकिन वैट के रूप में राज्य का हिस्सा काफी बड़ा है। राज्य वैट में कमी से उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की कीमतें तुरंत कम होंगी और सीधी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सस्ते ईंधन से महंगाई पर नियंत्रण में सीधी मदद मिलती है, क्योंकि सब्जियों, दूध, अनाज और अन्य जरूरी चीजों के लिए परिवहन लागत एक मुख्य खर्च है उन्होंने कहा कि जब माल-भाड़ा महंगा होता है, तो रोजमर्रा की चीजों के दाम अपने आप बढ़ जाते हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। डॉ. बग्गा ने कहा कि वैट में राहत से ऑटो चालकों, टैक्सी ऑप्रेटरों, छोटे व्यापारियों, किसानों और रोजाना सफर करने वाले यात्रियों का बोझ भी कम होगा, जिनकी आजीविका ईंधन पर निर्भर है। कई परिवारों के लिए ईंधन अब सिर्फ यात्रा का खर्च नहीं, बल्कि उनकी मासिक बचत तय करने वाला कारक बन गया है। उन्होंने आप सरकार से बिना देरी पेट्रोल और डीजल पर वैट को तर्कसंगत बनाने का आग्रह किया। ऐसा कदम न सिर्फ आर्थिक राहत देगा, बल्कि जनता का यह भरोसा भी मजबूत करेगा कि सरकार आम नागरिकों के संकट के प्रति संवेदनशील है।



# हिमाचल में 'सरकार गांव के द्वार' अभियान फिर होगा शुरू


**शहरी निकाय चुनाव जीत के बाद सरकार का फोकस गांवों पर, लगेंगे जनता दरबार, दूर-दराज क्षेत्रों में पहुंचेगी हिमाचल सरकार, मौके पर होगा समस्याओं का समाधान**

» प्रथम न्यूज । शिमला
24 मई ( बी.शर्मा )

हिमाचल प्रदेश सरकार शहरी निकाय चुनावों में मिली सफलता के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों पर अपना फोकस बढ़ाने जा रही है। चुनावों के दौरान लागू आचार संहिता समाप्त होने के बाद राज्य सरकार एक बार फिर 'सरकार गांव के द्वार' अभियान शुरू करेगी। इस अभियान के माध्यम से मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक सीधे गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे।

सरकार स्तर पर इस कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की जा चुकी है। मुख्यमंत्री स्वयं इस अभियान की शुरुआत करेंगे और प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों का दौरा करेंगे। सरकार का उद्देश्य प्रशासन को गांवों तक पहुंचाना और लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना है। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहेंगे ताकि शिकायतों का निपटारा तुरंत किया जा सके।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री का अगला दौरा सिरमौर और कांगड़ा जिलों के दुर्गम क्षेत्रों में



प्रस्तावित है। इससे पहले मुख्यमंत्री डोडरा क्वार से इस कार्यक्रम की शुरुआत कर चुके हैं और वहां लोगों की समस्याओं को मौके पर सुनकर समाधान भी किया गया था। सरकार अब इसी मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी में है।

इस अभियान में मुख्यमंत्री के साथ-साथ कैबिनेट मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

प्रत्येक मंत्री और वरिष्ठ विधायक को एक-एक जिला सौंपा जाएगा, जहां वे जनता दरबार लगाकर लोगों की शिकायतें सुनेंगे। कार्यक्रमों की तिथियां मुख्यमंत्री कार्यालय और संबंधित जिलों के उपायुक्त तय करेंगे।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सरकार इस अभियान के जरिए आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को भी धार देने में जुटी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में सीधे पहुंच बनाकर सरकार विकास कार्यों और जनहित योजनाओं को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना चाहती है। वहीं लोगों को भी उम्मीद है कि इस पहल से उनकी समस्याओं का समाधान तेजी से होगा और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी।

## संक्षिप्त न्यूज

## रामशहर स्थित रिवालसर में दो दिवसीय कुश्ती मेले के साथ मेला संपन

### विधायक बावा हरदीप सिंह ने की बतौर मुख्य अतिथि शिरकत



**नालागढ़ 24 मई ( गुरजीत सिंह )**– ऐतिहासिक तीर्थ स्थल रामशहर स्थित रिवालसर का दो दिवसीय मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मेले का मुख्य आकर्षण कुश्ती प्रतियोगिता रही। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों के भी नामी गरामी पहलवानों ने शिरकत कर अपने दाव पेंच का जौहर दिखाकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कुश्ती में बड़ी माली जितेंद्र पथरेड़ी ने मन्ना दुमखेडी को पटकनी देकर कुश्ती का खिताब अपने नाम किया। कुश्ती में करीब डेढ़ सौ पहलवानों ने अपने दाव पेच दिखाए। कुश्ती कमेटी द्वारा 3 लाख की राशि खर्च की गई ।

मेले में बतौर मुख्य अतिथि नालागढ़ हल्का के विधायक बावा हरदीप सिंह ने शिरकत की।

उन्होंने कुश्ती कमेटी द्वारा जितेंद्र पथरेड़ी को 13000 व उप विजेता पहलवान मना दुमखेड़ी को 11000 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि मेले हमारी पुरानी संस्कृति और सभ्यता के परिचयक है इन्हें हमें आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने आयोजकों को 11000 रुपए की नगद राशि भी अपनी ऐच्छिक निधि से दी।

इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा, कैप्टन कमल कुमार, कमल कुमार, भगत राम चंदेल, आसाराम, रामलाल ठाकुर, नरेश कुमार, राज शर्मा, रामचन्द्र, नंदलाल शर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य राहुल शर्मा, बाबू राम मंडल अध्यक्ष कांग्रेस नालागढ़, वीरेंद्र शर्मा, मनीष शर्मा, जोगिंदर सिंह बेदी, रवि शर्मा, चमन लाल के अलावा कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पत्तन प्रबंधन नीति को लेकर चुनावी मैदान में उतरे जोगिंद्र देव आर्य, धतोल वार्ड में जनहित और विकास बना मुख्य मुद्दा

**बंगाणा, ( ब्यूरो )**– पंचायत समिति बंगाणा के वार्ड धतोल से चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवार जोगिंद्र देव आर्य ने कहा है कि पिछले 56 वर्षों से पत्तनों के प्रबंधन की कोई स्थायी नीति नहीं बन पाई है, जिसके कारण स्थानीय लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि इस व्यवस्था को नई दिशा दी जाए और पत्तन संचालन के लिए मजबूत एवं स्थायी नीति तैयार की जाए। जोगिंद्र देव आर्य ने कहा कि धतोल वार्ड की जनता इस बार विकास, अधिकार और नीति निर्माण के मुद्दों को लेकर पूरी तरह जागरूक है। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र की जनता व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर जनहित और दीर्घकालिक विकास के लिए मतदान करने जा रही है।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल पंचायत समिति सदस्य चुनने का नहीं, बल्कि वर्षों से लंबित पत्तन प्रबंधन नीति को लागू करवाने की लड़ाई है। यदि जनता उन्हें अपना समर्थन देती है तो वे पंचायत समिति स्तर पर इस मुद्दे को मजबूती से उठाकर स्थायी समाधान के लिए प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि धतोल वार्ड के लोगों ने हमेशा क्षेत्र के विकास और जनहित को प्राथमिकता दी है और इस बार भी जनता बदलाव और मजबूत नीति निर्माण के पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाला समय इस बात का गवाह बनेगा कि धतोल की जागरूक जनता ने नीतियों, अधिकारों और क्षेत्रीय विकास के लिए मतदान किया।

## ग्रामीण विकास को नई दिशा दे रही मोदी सरकार : जीतराम कटवाल

**बिलासपुर ( जितेंद्र गौतम )**– झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि कांग्रेस समेत कई राजनीतिक दलों ने ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों को केवल वोट बैंक के रूप में प्रयोग किया। चुनावों के समय कई तरह के सब्जबाग दिखाकर इन क्षेत्रों के लोगों के वोट लिए जाते रहे, लेकिन मतलब निकल जाने के बाद उनकी ओर से आंखें फेरी जाती रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए विकास की गंगा हर गांव तक पहुंचाई है। यही वजह है कि स्वार्थ की राजनीति करने वाले दलों और नेताओं को चुनावों में करारी हार मिल रही है।

शनिवार को जीतराम कटवाल ने जिला परिषद के जांगला वार्ड से भाजपा समर्थित उम्मीदवार अनूप महाजन के समर्थन में डमली, बड़ोल देवी और बैहनाजट्टां पंचायतों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। गांव, गरीब, किसान, युवा और मातृशक्ति इस संकल्प में सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं। मोदी सरकार ने विकास का रुख और बजट का मुख केवल शहरों तक सीमित रखने के बजाए उसे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों की ओर मोड़ा है। इससे गांव स्तर पर सड़कों का जाल बिछ रहा है। पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। जिन क्षेत्रों को कभी उपेक्षित माना जाता था, अब उनमें विकास के नए अध्याय लिखे जा रहे हैं।

जीतराम कटवाल ने कहा कि पंचायती राज चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने का नहीं, बल्कि अपने क्षेत्र के भविष्य को उज्ज्वल बनाने का अवसर हैं। भाजपा का उद्देश्य केवल भवन या सड़कें बनाना नहीं, बल्कि समाज को मजबूत बनाना है। खेलों से जुड़े युवा ही स्वस्थ और जागरूक राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनते हैं। वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से बचाने की है। मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और सकारात्मक ऊर्जा से जोड़ने के लिए लगातार काम कर रही है। खेल मैदानों के निर्माण और खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे व अन्य बुराइयों से दूर रहकर अपने और माता-पिता के सपनों को साकार करें। यह विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत भी होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि अनूप महाजन के नेतृत्व में जांगला वार्ड विकास की नई ऊंचाइयां छुएगा। हर पंचायत में समान विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

## हिमाचल में कैबिनेट बैठक पर चुनाव आयोग सख्त

**मुख्य सचिव को जारी किया नोटिस**

» प्रथम न्यूज । शिमला
24 मई ( एएम नाथ )

पंचायतीराज और शहरी निकाय चुनावों को लेकर जारी आदर्श चुनाव आचार संहिता के लागू होने को लेकर मंत्रिमंडल बैठक आयोजित करने और उसमें लिए गए निर्णयों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया है। शनिवार को जारी किए गए इस नोटिस में पूछा गया है कि क्या शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई है।

समाचारपत्रों में जो समाचार छपे हैं उसकी जानकारी किसने दी है। यदि मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई है तो उसमें क्या निर्णय लिए गए हैं। आयोग ने पूछा है कि बैठक में कौन-कौन से निर्णय लिए गए और क्या इनमें ऐसे फैसले




शामिल तो नहीं जिनका चुनाव प्रक्रिया या मतदाताओं पर प्रभाव पड़ सकता है।

भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य निर्वाचन आयोग से मुलाकात कर मामला उठाया। जिसमें आरोप लगाया गया है कि मंत्रिमंडल की बैठक में ऐसे निर्णय लिए गए जिससे मतदाताओं को प्रभावित किया गया है। चुनावी माहौल के बीच सरकार द्वारा लिए गए फैसलों का सीधा असर मतदाताओं पर पड़ेगा।

जबकि प्रदेश आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है। जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव में लाभ लेने के लिए ऐसा किया गया है। आखिर ऐसा क्या था कि 31 मई के बाद मंत्रिमंडल की बैठक नहीं हो सकती थी। भाजपा ने इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुरजीत सिंह ने कहा कि मुख्य सचिव से मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित किए जाने को लेकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया है।

## शिमला में एचआरटीसी वोल्वो चालक पर हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

» प्रथम न्यूज । शिमला
24 मई ( एएम नाथ )

राजधानी शिमला में एचआरटीसी की वोल्वो बस चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में एचआरटीसी चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। वहीं मारपीट करने वाले हरियाणा के 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

हालांकि 2 आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे है। इनमें एक महिला भी शामिल है। जानकारी के अनुसार यह घटना शनिवार सुबह पेश आई है। एचआरटीसी की दिल्ली से रोहड़ू जाने वाली बस सुबह 6 बजे घोड़ा चौकी पहुंची तो हरियाणा के पर्यटकों ने बस को रुकवाकर एचआरटीसी की वोल्वो बस के चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी है।

बस चालक राजेंद्र सिंह का आरोप है कि उनके द्वारा सैलानियों की गाड़ी को ओवरटेक करने के बाद उन्होंने उसके साथ मारपीट की। उनका आरोप है कि चलती बस से उन्हें बाहर खींचा गया। अगर समय रहते बस के कंडक्टर ने हैंडब्रेक नहीं लगाई होती तो बस में सवार 40 सवारियों की जान को भी खतरा हो सकता था।

उनका दावा है कि इस मारपीट में उनके सिर पर 6 टांके लगे है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही शिमला पुलिस की टीम थाना बालूगंज से तुरंत मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल दो आरोपियों को मौके से ही पकड़ लिया।

पुलिस ने आरोपी पंकज पुत्र शिव कुमार निवासी पंचकूला उम्र 33 वर्ष तथा विकास कुमार पुत्र विलक्षण राम निवासी पंचकूला उम्र 22 वर्ष के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी शिमला गौरव सिंह का कहना है कि पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है।

**ड्राईवर यूनियन की चेतावनी**

एचआरटीसी की ड्राईवर यूनियन के प्रांतीय प्रधान मानसिंह ठाकुर ने चेताया है कि अगर इस घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कडी कार्रवाई नहीं की जाती है, तो फिर पूरे प्रदेश में एचआरटीसी की सेवाओं को बंद कर दिया जाएगा।

## साढ़े तीन साल में विकास ठप, झूठी गारंटियों से जनता त्रस्त : जयराम ठाकुर

**कहा, सुक्खू सरकार झूठी, मुख्यमंत्री झूठे, जनता के बीच पूरी तरह बेनकाब हुई कांग्रेस, स्थानीय निकाय चुनावों में जनता ने कांग्रेस को नकारा, पंचायती राज चुनावों में भी होगा सफाया**

» प्रथम न्यूज । मंडी
24 मई ( एएम नाथ )

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से मिले और उनके साथ सुख- दु:ख साझा किया। मंडी से जारी बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का झूठ अब पूरी तरह जनता के सामने बेनकाब हो चुका है। स्थानीय निकाय चुनावों के परिणामों ने साफ कर दिया है कि हिमाचल की जनता कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों, झूठी गारंटियों और लगातार बढ़ते आर्थिक बोझ से बेहद नाराज़ है। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस को जनता ने स्पष्ट रूप से नकार दिया है और आने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में भी कांग्रेस का पूरी तरह सफाया होना तय है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार साढ़े तीन साल में विकास के नाम पर एक भी उपलब्धि नहीं गिना पाई है। 2000 से ज्यादा संस्थान बंद





करना लाखों पदों को समाप्त करना हजारों लोगों को नौकरियों से निकालना ही इस सरकार की उपलब्धि है। प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं, कर्मचारी और पेंशनर परेशान हैं, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, किसानों-बागवानों को राहत नहीं मिल रही और आम जनता पर लगातार टैक्स और सेस का बोझ डाला जा रहा है। चुनाव से पहले 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही भाजपा सरकार द्वारा दी जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली भी छीन ली। आज गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को भारी बिजली बिल भरने पड़ रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहले दूध सेस, पर्यावरण सेस और अब बिजली पर अतिरिक्त बोझ डालकर जनता की जेब पर हमला किया है। होटल, निजी अस्पताल, पेट्रोल पंप, मॉल और अन्य संस्थानों पर अतिरिक्त बिजली सेस लगाकर सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचा रही है। घर से बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे छात्रों तक को महंगी बिजली के बोझ तले दबाया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों से पहले महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह देने, युवाओं को पांच लाख रोजगार देने और व्यवस्था परिवर्तन के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज तक कोई भी गारंटी पूरी नहीं हुई। महिलाएं अपने हक के लिए भटक रही हैं और प्रदेश का युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावों से पहले विभिन्न योजनाओं के नाम पर लोगों से फॉर्म भरवाकर केवल राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया गया।

जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर आचार संहिता उल्लंघन के आरोप लगाते हुए कहा कि चुनावों के दौरान लगातार घोषणाएं और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है। कैबिनेट बैठकों और सरकारी मंचों के माध्यम से चुनावी माहौल प्रभावित करने का प्रयास लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस मामले का संज्ञान लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार केंद्र सरकार से मिलने वाले फंड का सही उपयोग करने में भी पूरी तरह विफल रही है। प्रदेश पर कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन विकास कार्य कहीं दिखाई नहीं दे रहे।

सामाजिक सुरक्षा और समाज कल्याण योजनाओं के बजट में कटौती की गई है, जिससे गरीब और जरूरतमंद वर्ग प्रभावित हो रहा है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता अब कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी का अंतर पूरी तरह समझ चुकी है। स्थानीय निकाय चुनावों में जनता ने भाजपा के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है और यही रुझान आने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता का भारतीय जनता पार्टी को पूरा आशीर्वाद और समर्थन प्राप्त है तथा जनता लोकतांत्रिक तरीके से इस जनविरोधी सरकार को करारा जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।

## विशेष शिविर के माध्यम से जिला भर में 41 बेटियों का हुआ एचपीवी टीकाकरण : उपायुक्त

**31 मई को भी जिला के 30 स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित होगा विशेष एचपीवी टीकाकरण कैंप**



» प्रथम न्यूज । बिलासपुर
24 मई ( धर्मपाल/जितेंद्र गौतम )

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला बिलासपुर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के माध्यम से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के अंतर्गत आज विशेष एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला भर में 41 बेटियों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के अगले चरण के तहत 31 मई को भी जिला के भर के 30 चिन्हित स्वास्थ्य संस्थानों में यह विशेष एचपीवी टीकाकरण कैंप आयोजित किया जाएगा, ताकि छूटी हुई पात्र बालिकाओं को भी टीकाकरण का लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर में 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को सर्विकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। जिला में कुल 2735 पात्र बालिकाओं में से 24 मई तक 1061 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है तथा जिले में कुल 39 प्रतिशत कवरेज हासिल की गई है।

राहुल कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य खंडवार टीकाकरण के अनुसार मार्कंड क्षेत्र में 246, घुमारवीं में 311, झंडूता में 343 तथा श्री नैना देवी जी क्षेत्र में 161 बालिकाओं का टीकाकरण 29 मार्च से 24 मई 2026 तक किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से छूटी हुई पात्र बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

उपायुक्त ने कहा कि भारत में सर्विकल कैंसर महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। प्रतिवर्ष लगभग 1.2 से 1.3 लाख नए मामले सामने आते हैं तथा लगभग 75 से 80 हजार महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी के कारण होती है। उन्होंने कहा कि एचपीवी वायरस इस कैंसर का प्रमुख कारण है तथा समय पर टीकाकरण से इससे प्रभावी सुरक्षा प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण बेटियों को भविष्य में सर्विकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों तथा समाज के सभी वर्गों से अपील करते हुए कहा कि वह छूटी हुई पात्र बालिकाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें तथा टीके से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि यह टीकाकरण पूर्णत: सुरक्षित तथा नि:शुल्क है।

राहुल कुमार ने बताया कि टीकाकरण से संबंधित सभी विवरण यू-विन डिजिटल पोर्टल पर दर्ज किए जा रहे हैं। अभिभावक पोर्टल पर पंजीकरण कर अपॉइंटमेंट ले सकते हैं अथवा सीधे नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में जाकर भी टीकाकरण करवा सकते हैं। टीकाकरण केंद्र पर बालिका का आयु प्रमाण पत्र साथ लाना आवश्यक है। यह टीकाकरण पूर्णत: स्वैच्छिक है, परंतु इसके लिए अभिभावकों की सहमति आवश्यक है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया है कि वह 31 मई को आयोजित होने वाले विशेष एचपीवी टीकाकरण कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और पात्र बेटियों का समय पर टीकाकरण अवश्य करवाएं।



## तीन दिवसीय चुनाव प्रक्रिया के तहत 528 विभिन्न मतदान बूथों के लिए कुल 178 पोलिंग पार्टियों को किया गया रवाना

» प्रथम न्यूज । नालागढ़
24 मई ( गुरजीत सिंह )

खंड विकास अधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) नालागढ़ अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन-2026 के दृष्टिगत रविवार को खंड विकास कार्यालय नालागढ़ सभागार से 26, 28 और 30 मई 2026 तीन दिवसीय चुनाव प्रक्रिया के तहत 528 विभिन्न मतदान बूथों के लिए कुल 178 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया।

उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए आवश्यक निर्वाचन सामग्री विधिवत उपलब्ध करवाने के उपरांत उनके निर्धारित बूथों के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से संपन्न करवाए जा रहे हैं, जिसके दृष्टिगत प्रत्येक पोलिंग



पार्टी को बैलेट पेपर, मतपेटियां, मतदाता रजिस्टर, अमिट स्याही, सील, स्टेशनरी सामग्री, मतदान संबंधी दिशा-निर्देशों की पुस्तिका सहित अन्य आवश्यक चुनाव सामग्री उपलब्ध करवाई गई। इसके अतिरिक्त मतदान प्रक्रिया को सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रत्येक पार्टी को सामग्री की जांच एवं सत्यापन उपरांत ही रवाना किया गया। अरविंद कुमार ने कहा कि खंड विकास नालागढ़ के अंतर्गत कुल 20 सामान्य, 40 संवेदनशील तथा 18 अति संवेदनशील पोलिंग स्टेशन चिन्हित किए गए हैं, जहां सुरक्षा एवं प्रशासनिक दृष्टि से विशेष प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सबसे दूरस्थ मतदान केंद्र मनलोग कलां में स्थापित किया गया है, जहां पोलिंग पार्टियों को समयबद्ध तरीके से रवाना किया गया ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि नियमित पोलिंग पार्टियों के अतिरिक्त किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए 15 सामान्य रिजर्व पोलिंग पार्टियां तथा 10 महिला रिजर्व पोलिंग पार्टियां भी तैनात रखी गई है। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी पोलिंग पार्टियां पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी तथा निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि चुनाव शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न होंगे।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हरियाणा न्यूज
Website : www.prathamnews.in



## संक्षिप्त न्यूज




### महाजन सभा चंडीगढ़ द्वारा रिश्ते-रिश्ते वर-वधू परिवार मिलन दिवस का आयोजन



**चंडीगढ़, ( पुनीत महाजन )** – महाजन सभा चंडीगढ़ (पंजीकृत) द्वारा आज महाजन भवन, सेक्टर-37 सी, चंडीगढ़ में रिश्ते-रिश्ते (वर-वधू परिवार मिलन दिवस) का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा तथा ट्राइसिटी चंडीगढ़ से लगभग 200 से अधिक लोगों एवं परिवारों ने भाग लेकर आपसी परिचय और वैवाहिक संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के युवक-युवतियों एवं उनके परिवारों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और पारिवारिक वातावरण में एक-दूसरे से मिलने और संवाद स्थापित करने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान परिवारों ने खुलकर विचार-विमर्श किया तथा आपसी रिश्तों को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक पहल दिखाई।

महाजन सभा के प्रधान राम मूर्ति महाजन ने कहा कि आज के आधुनिक समय में इस प्रकार के सामाजिक आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है, जिससे परिवारों को एक मंच पर आकर बेहतर रिश्तों की तलाश करने में सहायता मिलती है। उन्होंने बताया कि सभा समाज सेवा और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। महामंत्री आर. के. गुप्ता ने सभी आए हुए परिवारों का धन्यवाद करते हुए कहा कि कार्यक्रम में लोगों का उत्साह और सहभागिता सराहनीय रही। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज में पारिवारिक मूल्यों एवं आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में उमा कांत मेहता, जोगिन्द्र कुमार महाजन, मोहन लाल महाजन सहित सभा के अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

### महंत योगी श्री तेजनाथ जी महाराज ने धार्मिक तीर्थ यात्रा बस को झंडी दिखाकर किया रवाना




**इस्माईलाबाद ( सुनील कोमल )** रविदासिया कौम के अमर शहीद संत रामानंद महाराज जी की 17वीं बरसी समागम के उपलक्ष्य में गुरु रविदास सभा इस्माईलाबाद द्वारा धार्मिक तीर्थ बस यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरु गोरखनाथ धाम इस्माईलाबाद के महंत योगी श्री तेजनाथ जी महाराज ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर श्रद्धालुओं से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बस यात्रा गुरु रविदास दरबार साहिब इस्माईलाबाद से रवाना होकर स्वर्ण मंदिर अमृतसर, पंडवा साहिब, भगवान वाल्मीकि तीर्थ, सचखंड बल्लां, खुराली, गुरुद्वारा श्री आनंदपुर साहिब, विरासते खालसा तथा फतेहगढ़ साहिब सहित अन्य ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के दर्शन करेगी। यात्रा 26 मई को वापस इस्माईलाबाद पहुंचेगी।

इस अवसर पर महंत योगी श्री तेजनाथ जी महाराज ने कहा कि धार्मिक यात्राएं समाज में भाईचारे, सद्भावना और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करती हैं। संत महापुरुषों की शिक्षाएं मानवता, सेवा और प्रेम का संदेश देती हैं तथा युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से सामाजिक एकता बनाए रखने और धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

इस मौके पर समाजसेवी सत्यवान तंवर ने कहा कि संतों और महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में प्रेम, समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्राएं लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने के साथ-साथ आपसी मेलजोल और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देती हैं।

उन्होंने कहा कि संत रामानंद महाराज जी ने समाज को समानता और मानव सेवा का संदेश दिया, जिसे आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है। धार्मिक स्थलों की यात्रा से व्यक्ति को मानसिक शांति और नई ऊर्जा प्राप्त होती है।

कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने मुख्य अतिथि महंत योगी श्री तेजनाथ जी महाराज का स्वागत एवं सम्मान किया। इस मौके पर प्रधान कृष्ण लाल, सुभाष मुंडे, सतीश कुमार, विनोद कुमार, जगपाल तंवर, ओम प्रकाश, नरेंद्र कौशल, बिंद, महेंद्र मुरादिया, हरिराम,सहित गुरु रविदास सभा के पदाधिकारी, समाजसेवी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

### डीएलएसए की सचिव ने संधोली व झांसा के लीगल सर्विसेज क्लीनिक्स का किया औचक निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र, 24 मई ( बृज मोहन )** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र सचिव नीतिका भारद्वाज द्वारा गांव संधोली व झांसा स्थित लीगल सर्विसेज क्लीनिक्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने झांसा मंडी में कामगारों से भी बातचीत की। उन्होंने कामगारों से उनके किसी भी प्रकार के बकाया भुगतान लंबित के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कामगारों को डीएलएसए द्वारा प्रदान की जा रही निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के बारे में भी जागरूक किया।

# 30 मिनट में घर पहुंचेगी पशु चिकित्सा मोबाइल वैन: सीएम नायब सिंह सैनी

**टोल-फ्री नंबर 1962 पर सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक मिलेगी सुविधा, भविष्य में 24 घंटे सेवा शुरू करने की तैयारी**

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
24 मई ( एएम नाथ )




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य में जल्द ही पशु चिकित्सा मोबाइल बैन सेवा शुरू की जाएगी, जिसके तहत पशुपालकों को घर बैठे पशुओं का इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा टोल-फ्री नंबर 1962 के माध्यम से रोजाना सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक उपलब्ध रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉल मिलने के 30 मिनट के भीतर मोबाइल पशु चिकित्ला इकाई पशुपालक के पर पहुंचेगी, जिससे पशुओं को समय पर उपचार और आपातकालीन देखभाल मिल सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस सेवा को चरणबद्ध तरीके से 24 घंटे उपलब्ध कराने की योजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री चंडीगढ़ में कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन और पशुपालन विभागों के पांच वर्षीय कार्यान्वयन रोडमैप और कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के %विकसित भारत% बिजन के अनुरूप हरियाणा के %विजन 2047% ढांचे के तहत विभिन्न विभागों की योजनाओं और लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**डीएसआर तकनीक और पराली प्रबंधन पर जोर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भूजल संरक्षण के लिए डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा और इसके तहत 3 लाख एकड़ भूमि लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, पराली जलाने की घटनाओं को समाप्त करने के लिए हर साल 15 हजार फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनें किसानों को वितरित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जैविक होती, रसायनों के कम उपयोग डीएसआर तकनीक, फसल विविधीकरण और पराली न जलाने के प्रति किसानों को प्रेरित किया जाए। इसके लिए डॉक्यूमेंट्री, व्हाट्?सएप अभियान और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करने के निर्देश भी दिए गए।

**विभागों के अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म होंगे: मुख्यमंत्री**

ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग का अलग फेसबुक पेज और यूट्यूब चैनल बनाया जाए, ताकि सरकारी योजनाओं और विभागीय गतिविधियों की जानकारी किसानों और आम लोगों तक नियमित रूप से पहुंचाई जा सके।

**जलभराव और लवणीय भूमि सुधारने का लक्ष्य**

बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने फसल विविधीकरण, मृदा स्वास्थ्य, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और पराली प्रबंधन को लेकर अपना रोडमैप प्रस्तुत किया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2026-27 तक 1.40 लाख एकड जलभराव और लवणीय भूमि को सुधारने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि वर्ष 2031 तक ऐसी सभी प्रभावित भूमि को पूरी तरह सुधारने की योजना है। उन्होंने बताया कि विभाग हर साल 15 लाख किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करेगा तथा 1.5 लाख एकड़ भूमि को प्राकृतिक और जैविक खेती क्लस्टरों के अंतर्गत लाया जाएगा।

**बागवानी और मत्स्य पालन को मिलेगा बढ़ावा**

बागवानी विभाग ने उच्च मूल्य वाली फसतों के विस्तार और आधुनिक तकनीकों के जरिए किसानों की आय बढ़ाने की रणनीति प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने सेब, खजूर और नाशपाती जैसे फलों के क्लस्टर विकसित करने का सुझाव दिया। मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जलभराव वाले क्षेत्रों में झींगा पालन की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए, ताकि ऐसी भूमि का उपयोग किसानों की आय बढ़ाने में किया जा सके।

**हरियाणा सरकार का बड़ा फैसला**

# NEET अभ्यर्थियों को रोडवेज बसों में मिलेगी मुफ्त यात्रा सुविधा

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
24 मई ( मुकेश डोलिया )



नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार ने राज्य के नीट अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए 20 और 21 जून को हरियाणा रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा देने की घोषणा की है। 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

सरकार के अनुसार सभी परीक्षार्थी इन दो दिनों में हरियाणा रोडवेज की किसी भी बस में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। इसके लिए छात्रों को केवल अपना नीट एडमिट कार्ड दिखाना होगा। राज्य सरकार का मानना है कि इस पहल से दूर-दराज के क्षेत्रों से परीक्षा देने जाने वाले विद्यार्थियों और उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार परीक्षा केंद्र दूसरे जिलों या शहरों में होने के कारण विद्यार्थियों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकार की यह पहल परीक्षार्थियों के लिए काफी लाभदायक साबित होगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा के दौरान बसों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी छात्र को यात्रा संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही परीक्षा केंद्रों तक सुगम और समय पर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# हरियाणा में मेधावी छात्राओं को मिलेगा सम्मान

**केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करेंगे साइकिल वितरण, गांव पुर में आयोजित राज्य स्तरीय भव्य प्रतिभा**

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
24 मई ( एएम नाथ )



हरियाणा में सामाजिक सौहार्द, नशे के विरुद्ध अभियान और प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रहे सामाजिक संगठन सर्व कल्याण मंच ने कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल सोमवार को जिला भिवानी के गांव पुर में इन मेधावी छात्राओं को साइकिलें वितरित कर उनका हौसला बढ़ाएंगे।

सर्व कल्याण मंच के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने बताया कि 25 मई को बवानीखेड़ा ब्लाक के सभी गांवों की सरकारी स्कूलों में टाप तीन-तीन प्रतिभाशाली बेटियों का सम्मान समारोह होगा। संस्था की ओर से राज्य के अन्य ब्लाकों में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल छात्राओं को अपना आशीर्वाद देंगे। नवीन कौशिक के अनुसार इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है। इससे लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिल सकेगा।

नवीन कौशिक ने बताया कि सर्व कल्याण मंच पूरे राज्य में गर्मियों में पक्षियों के लिए दाने-पानी का इंतजाम कर रहा है। युवाओं को खेलों की तरफ मोड़ने तथा नशे की आदत छोड़ने के लिए अभियान संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की सोच है कि प्रतिभाओं का सम्मान करने से भविष्य का निर्माण संभव है। उनकी इसी सोच को आत्मसात करते हुए सर्व कल्याण मंच ने समाज की हर क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का बीड़ा उठाया हुआ है।

भिवानी के गांव पुर में सोमवार को हरियाणा कला एवं साहित्य विभाग की ओर से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें हरियाणा की लोक संस्कृति एवं पारंपरिक कलाओं की झलक देखने को मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्मित कम्युनिटी सेंटर का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा किया जाएगा।

# आज एमडब्ल्यूबी के कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल होंगे मुख्य अतिथि

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
24 मई ( मुकेश डोलिया )





मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन (एमडब्ल्यूबी) द्वारा पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं सामयिक विश्लेषक दीपक धीमान करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री हरियाणा के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रि विशिष्ट अतिथि रहेंगे।

एमडब्ल्यूबी के उत्तर भारत अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी ने बताया कि कार्यक्रम में पत्रकारों को 10-10 लाख रुपये की मुफ्त एक्सीडेंटल एवं टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर बदलती पत्रकारिता के दृष्टिकोण विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित होगी। आयोजन समिति में तरुण कपूर, नरेश उप्पल, अनिल दत्ता, संजय भूटानी, डॉ. सुरिंदर मेहता सहित कई सदस्य शामिल हैं।

धरणी ने बताया कि एमडब्ल्यूबी पिछले कई वर्षों से पत्रकारों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य, टर्म और दुर्घटना बीमा उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा बजट 2026-27 में हरियाणा मीडिया पर्सनेल वेलफेयर फंड के तहत पत्रकारों को मिलने वाली आर्थिक सहायता राशि 2.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख किए जाने का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि संगठन ने पहले भी पत्रकार पेंशन 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार करवाने और पत्रकारों के विरुद्ध मामलों में सुविधाएं बंद करने संबंधी नोटिफिकेशन रद्द करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। एमडब्ल्यूबी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपकर पत्रकारों के लिए 30 हजार रुपये मासिक पेंशन, कैशलेस मेडिकल सुविधा, पारिवारिक पेंशन और आवासीय योजनाओं जैसी मांगें भी उठाई हैं।

# अग्रवाल सेवा ट्रस्ट (पंचकुला) की और से श्रद्धालुओं के लिए लगाई गई ठंडे व मीठे पानी की छबील

**पंचकुला ( पुनीत महाजन )** – 24 मई दिन रविवार को अग्रवाल सेवा ट्रस्ट पंचकुला की और से माता मनसा देवी मंदिर मे दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं के लिएमाता मनसा देवी मंदिर के प्रांगण मे ठंडे व मीठे पानी की विशाल छबील लगाई।







ट्रस्ट के मुख्य सदस्यों द्वारा जानकारी मे बताया गया कि इस ट्रस्ट की स्थापना पिछले सप्ताह माता मनसा देवी जी के दर्शन व पूजा अर्चना करके की गई। इसको बनाने का मुख्य उद्देश्य मात्र सभी अग्र बन्धुओं व अग्र महिला शक्ति के साथ मिलकर निस्वार्थ निष्काम भाव से समाज की सेवा करना है।

ट्रस्ट के मुख्य सदस्यों द्वारा जानकारी मे बताया गया अगले महीने 13 जून दिन शनिवार को पंचकुला सैक्टर 16 अग्रवाल भवन से प्रातः 10 बजे अग्रवाल सेवा ट्रस्ट (पंचकुला) की और से प्रथम बार सभी शिव भक्तों के लिए अरूणाय महादेव मंदिर (पेहवा) दर्शन के लिए 3 एसी बस भेजी जायेगी जिसमें लगभग 160 भक्तजन दर्शन के लिए जायेंगे।

इस विशेष अवसर पर अग्रवाल सेवा ट्रस्ट (पंचकुला) के मुख्य पदाधिकारी सहित प्रसिद्ध समाजसेवी अमित जिंदल, हेमंत जिंदल,रमन सिंगला, दिनेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, सतपाल गर्ग,हरीश गर्ग, विपुल मित्तल,अनिल सिंगला, सुनील सिंगला,पवन बंसल,अशोक जिंदल, एडवोकेट संजय कुमार जैन,परविंदर ढींगरा, सुधीर अग्रवाल, विक्की जिंदल,परवीन अग्रवाल,विकास गोयल, सीए नरेश सिंगला, विजय अग्रवाल, राकेश गर्ग (बिट्टू) , सीए अरुण अग्रवाल,सतीश मंगला, रिम्पी गर्ग,जीवन बब्बू, राजेंद्र सिंगला, संजय गर्ग, पुनीत गुप्ता, एवं अन्य अग्र बंधु समेत माता मनसा देवी मंदिर के सेवादार उपस्थित व सेवा मे विशेष योगदान रहा ।

# प्यार मतलब वापसी में कोई अपेक्षा न रखना : मास्टर जी

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
24 मई ( मुकेश डोलिया )



आज ज्यादातर लोग जिस भावना को प्यार कहते हैं, वह वास्तव में प्यार नहीं बल्कि व्यापार है। यह विचार आध्यात्मिक वक्ता मास्टर जी ने अपने संबोधन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने हर रिश्ते में कहीं न कहीं लेन-देन और अपेक्षाओं को जोड़ देता है। यदि हम किसी के लिए कुछ करते हैं तो बदले में यह उम्मीद रखते हैं कि सामने वाला भी हमारे लिए वैसा ही करे। जब ऐसा नहीं होता तो रिश्तों में नाराजगी, दुख और दूरी पैदा हो जाती है।

उन्होंने कहा कि आज परिवार, रिश्तेदारी, दोस्ती और समाज में अधिकांश संबंध अपेक्षाओं पर आधारित हो गए हैं। लोग कहते हैं कि मैंने इसके लिए इतना किया, इसने मेरे लिए क्या किया? यहां तक कि जन्मदिन की शुभकामनाओं या छोटी-छोटी बातों में भी लोग बदले की भावना रखते हैं।

यदि कोई हमें चाय-कॉफी नहीं पूछता या हमारे लिए कुछ नहीं करता तो हम भी उसके लिए कुछ करने से बचते हैं। मास्टर जी ने कहा कि यह भावना प्यार नहीं बल्कि व्यापार की मानसिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सच्चा और शुद्ध प्रेम वह होता है जिसमें व्यक्ति बिना किसी स्वार्थ और अपेक्षा के दूसरों के लिए करता चला जाए। अगर आपके पास वास्तविक प्रेम है तो आप देते जाते हैं, लेकिन बदले में कुछ पाने की इच्छा नहीं रखते, उन्होंने कहा। उन्होंने बताया कि उन्हें 16 वर्ष पहले ऐसा निस्वार्थ प्रेम मिला और उसी प्रेम को उन्होंने लोगों तक पहुंचाना शुरू किया। आज उनका प्रिय परिवार लाखों लोगों तक पहुंच चुका है, जहां केवल अपनापन और खुशी बांटी जाती है। मास्टर जी ने कहा कि आज समाज में तनाव, चिंता, अवसाद, अशांति और आत्महत्या जैसे विचार तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में लोगों को सच्चे प्रेम, अपनत्व और सकारात्मक सोच की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2023 में उनका यह प्रयोग सफल हुआ, जहां उनके साथ जुड़े 10 वर्ष के बच्चों से लेकर 80 वर्ष की बुजुर्ग महिलाओं तक सभी लोग खुश और मानसिक रूप से संतुष्ट जीवन जी रहे हैं। उनके अनुसार निस्वार्थ प्रेम ही जीवन में वास्तविक सुख और शांति का आधार है।

# खरीद एजेंसियों ने अब तक खरीदी 482160 मीट्रिक टन गेहूं : विश्राम कुमार मीणा

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र
24 मई ( बृज मोहन )



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के खरीद केन्द्रों व मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति, हैफेड तथा हरियाणा वेयर हाउस एजेंसी द्वारा शुरू कर दिया गया है। इन तीनों एजेंसियों ने 482160 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का कार्य पूरा कर लिया है। इस सीजन में गेहूं का 2585 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि जिले में 234737 एमटी गेहूं का उठान कार्य पूरा किया गया है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में गेहूं की खरीद करने के लिए 29 खरीद केन्द्र व मंडिया स्थापित की गई है। इन मंडियों से खाद्य आपूर्ति, हैफेड, एफसीआई और हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन की तरफ गेहूं की खरीद का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खादय आपूर्ति विभाग की रिपोर्ट के अनुसार इस सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा अमीन में 2405 एमटी, बाबैन मंडी में 25046 एमटी, बौर सैंदा में 4298 एमटी, गुमथला गढु में 21709 एमटी, इशाक में 4310 एमटी, इस्माइलाबाद मंडी में 39040 एमटी, झांसा मंडी में 9423 एमटी, कराह साहब में 8714 एमटी, थानेसर मंडी में 51015 एमटी, लाडवा मंडी से 49884 एमटी, नलवी में 810 एमटी, नीमवाला में 5165 एमटी, पिहोवा मंडी में 33181 एमटी, पिहोवा एक्टेंशन मंडी में 11095 एमटी, पिपली मंडी से 14688 एमटी, शाहबाद से 23365 एमटी, थाना में 3270 एमटी, ठोल मंडी से 15003 एमटी गेहूं खरीद गया है। उन्होंने कहा कि हैफेड द्वारा अजराना कला में 3151 एमटी, बोधनी मंडी में 3730 एमटी, चढुनी जाटान मंडी में 1937 एमटी गेहूं, इस्माईलाबाद मंडी से 25178 एमटी, झांसा मंडी में 1032 एमटी, किरमच में 1944 एमटी, थानेसर 33533, लाडवा मंडी में 11206 एमटी, लुखी में 3469 एमटी, मलिक पुर में 5850 एमटी, पिहोवा मंडी में 21150 एमटी गेहूं, पिहोवा एक्सटेंशन में 11000 एमटी, पिपली मंडी में 8928 एमटी गेहूं, शाहबाद मंडी में 15859 एमटी गेहूं खरीद कार्य पूरा किया गया है। इसी तरह हरियाणा वेयरहाउस द्वारा बारना में 2757 एमटी, बोधनी में 2762 एमटी, ठोल में 6253 एमटी गेहूं खरीद कार्य को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस सीजन में अधिकारियों को विशेष हिदायत दी गई है कि उठान कार्य पर विशेष फोकस रखा जाए ताकि व्यापारियों और किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना आए। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में किसानों की सुविधा के लिए पर्याप्त बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने के लिए व्यवस्था और प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। ऐसे में किसान सहभागी बनते हुए खरीद कार्य में अपना योगदान दें। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी गेहूं की फसल को अच्छी तरह से सुखाकर एवं साफ करके मंडी में लाएं।

आज का

## संपादकीय

# मानव सबसे अहम कृति

मानव जीवन बहुत दुर्लभ है द्य मानव जीवन एक बार ही मिलता है द्यबेशक ईश्वर ने मानव सबसे अहम कृति बनाई लेकिन मानव दानव बनता जा रहा हैं द्य चंद चांदी के सिक्कों व कागज़ के टुकड़ों के लिए रिश्तों का कत्लेआम क़र रहा है। माया में अंधा हो चूका है स्वार्थ की खातिर रिश्तों क़ो तोड़ रहा है यह बहुत ही त्रासदी है इस त्रासदी क़ो रोकना होगा द्य जमीन यहीं रह जाएगी कोई उठा क़र नहीं ले गयाद्य एक एक इंच जमीन के लिए लड़ाई झगड़ा किया जा रहा है। रिश्तों में गांठे पड़ती जा रही है समाज क़ो इस पर मनन करना होगा।



**नरेन्द्र भारती**
**वरिष्ठ पत्रकार**

धन दौलत यहीं धरी रह जाएगी द्यमानव धनलिप्सा की मृगतृष्णा में फंसता जा रहा है वह अपनी सोचने की शक्ति खो चुका है। इस मृगमरीचिका का परिणाम क्या होगा इसके पीछे मानव वैसे ही भाग रहा है जैसे हिरन पानी के पीछे भागता है। रिश्तों में बिखराव बेहद घातक है। रिश्तों की दीवारें दरकने लगी हैं इन दीवारों को बचाना होगा क्योंकि यदि दीवार का एक भी पत्थर निकल जाए तो दीवार कभी भी धराशायी हो सकती है । बढती महत्वकाक्षाएं भी रिश्तों के विघटन का कारक बन रही हैं। संपति के कारण आज न जाने कितने परिवार खत्म हो गये ,और कितने ही सलाखों के पीछे है। आज रहे है ।एक समय था कि रिश्तों में मिठास होती थी लेकिन आज खटास आती जा रही है। आज जमीन के एक छोटे से टुकडे के लिए हत्या की जा रही है । खूनी रिश्तों को अटूट बनाना होगा ।एक उदारवादी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। और खूनी रिश्तों में मिठास घुल सके ।रिश्तों पर जमी नफरत की इस बर्फ को पिघलाना होगाऐसे दिल दहला देने वाले कृत्यों पर विराम लगाना होगा ।ताकि समाज में आ रहे इस तरह के संकंट से मुक्ति मिल सकें ।रिश्तों में सामजस्य स्थापित करना होगा आने वाली पीढियां नफरत की इस आग में झुलसने से बच सके और भाईचारा बना रहे और एक नये युग का सूत्रपात हो सके। रिश्तों के रूप बदलते जा रहे है, रिश्तों में छल -कपट घर करता जा रहा है ।मानव अपनी सभ्यता और संस्कृति को भूलकर राक्षसों जैसा आचरण कर रहा है। आज संपति के लिए जो कुछ हो रहा है बहुत ही त्रासद है। आखिर इंसान को क्या हो गया है कि अपनों को ही मौत की नींद सुला रहा है ऐसे मामले प्रलय की इबारत लिख रहे है अगर इन बढते मामलों पर संज्ञान न लिया तो आने वाले दिनों में घातक परिणाम भुगतने पडेगें। कि विश्व गुरु के नाम से विख्यात भारत में रिश्तों में नफरत गहरी होती जा रही है रिश्तों में आ रही इस नफरत की आग को बूझाना होगा हर भारतीय को मंथन करना होगा।

इस पर मंथन करना होगा इसके कारण ढूंढने होगें, देश में ऐसी बारदातों के आंकडों में बेतहासा वृद्धि हो रही है आज से कुछ दशक पहले ऐसी स्थिति नहीं थी छोटे-छोटे स्वार्थो के लिए खूनी रिश्तों की बलि चढाई जा रही है । रिश्तों क़ो बचा लीजिये कहीं देर न हो जाए ताउम्र पछतावा रहेगा।

# बढ़ता नशा और घटता यौवन: एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संकट

**चौंकाने वाला आंकड़ाःहालिया लोकसभा रिपोर्ट्स और एम्स के क्लिनिकल डेटा बताते हैं कि पिछले 5 वर्षों में देश के प्रमुख महानगरों (जैसे हैदराबाद, इंदौर, मुंबई) के नशामुक्ति केंद्रों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या में 300% से लेकर 1300ल तक की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इनमें से अधिकांश मरीज 15 से 30 वर्ष के युवा हैं।**

आज भारत दुनिया का सबसे युवा देश माना जाता है, जहाँ की लगभग 65% आबादी कामकाजी उम्र की है। लेकिन इस डेमोग्राफिक डिविडेंड (जनसांख्यिकीय लाभांश) के पीछे एक स्याह हकीकत भी छिपी है। आधुनिकता की होड़, मानसिक तनाव और पश्चिमी संस्कृति के अंधानुकरण के कारण देश का युवा वर्ग तेजी से नशे के दलदल में धंसता जा रहा है। जिस उम्र में युवाओं को देश के विकास का इंजन बनना चाहिए था, उस उम्र में वे ड्रग्स, अल्कोहल और सिंथेटिक नशों की गिरफ्त में आकर अपना यौवन (शारीरिक और मानसिक क्षमता) खो रहे हैं।

### आंकड़ों की जुबानी : भारत में नशे की भयावह स्थिति

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर के सहयोग से जारी व्यापक सर्वेक्षण और हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, देश में नशे की स्थिति बेहद चिंताजनक है:

नशीला पदार्थ उपयोगकर्ताओं की अनुमानित संख्या (करोड़ में) प्रभावित आयु वर्ग (विशेषकर) अल्कोहल (शराब) 916 करोड़ (आबादी का 14.6%) 18 से 40 वर्ष कैनबिस (गांजा/भांग/चरस) 93.1 करोड़ (आबादी का 2.8%) 15 से 25 वर्ष (स्कूली व कॉलेज छात्र) ओपिओइड्स (अफीम, हेरोइन, स्मैक) 7 92.26 करोड़ (आबादी का 2.06%) युवा और वयस्क

इनहेलेंट्स (सूंघने वाले पदार्थ) 930 लाख (बच्चे और किशोर) 7 10 से 17 वर्ष (अत्यधिक संवेदनशील7सेडेटिव्स (बिना डॉक्टरी सलाह की दवाएं) 91.18 करोड़ युवा और महिलाएं

### घटता यौवन : नशे का शारीरिक और मानसिक प्रभाव

यौवन का अर्थ केवल उम्र से नहीं, बल्कि शारीरिक ऊर्जा, मानसिक तीक्ष्णता और रचनात्मकता से है। नशा इस यौवन को समय से पहले ही बूढ़ा और पंगु बना रहा है:

#### 1. शारीरिक क्षमता का पतन

सिंथेटिक ड्रग्स (जैसे चिट्टा, एमडीएमए, मेथ) और हेरोइन के सेवन से शरीर का इम्यून सिस्टम (रोग प्रतिरोधक क्षमता) पूरी तरह ध्वस्त हो जाता है। कम उम्र में ही युवाओं का लिवर सिरोसिस, किडनी फेलियर और हृदय रोगों की चपेट में आना आम हो गया है। इसके अलावा, इंजेक्शन के जरिए ड्रग्स लेने वाले युवाओं में एचआईवी और हेपेटाइटिस-बी/सी का खतरा कई गुना बढ़ गया है।



**मोती राम चौहान**
करसोग मण्डी हिमाचल प्रदेश

#### 2. मानसिक स्वास्थ्य का विनाश

नशा सीधे मस्तिष्क के डोपामिन (खुशी महसूस कराने वाले न्यूरोट्रांसमीटर) सिस्टम को हाईजैक कर लेता है। इसके परिणाम स्वरूप

युवाओं में डिप्रेशन (अवसाद), गंभीर एंग्जायटी (चिंता) और सिज़ोफ्रेनिया जैसी मानसिक बीमारियां पैदा हो रही हैं।

निर्णय लेने की क्षमता खत्म हो जाती है, जिससे समाज में हिंसक अपराध, सड़क दुर्घटनाएं और आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं।

### युवाओं में बढ़ती इस लत के मुख्य कारण

आखिर हमारा युवा इस आग में क्यों कूद रहा है? इसके पीछे कुछ गहरे सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारण हैं:

**पीयर प्रेशर (दोस्तों का दबाव):** कॉलेज और स्कूल के शुरुआती दिनों में कूल दिखने की चाहत और दोस्तों के दबाव में युवा पहली बार नशा चखते हैं, जो बाद में लत बन जाता है।

मानसिक तनाव और असफलता का डरःपढ़ाई का बोझ, बेरोजगारी, करियर की अनिश्चितता और बिखरते पारिवारिक रिश्तों के कारण उपजे अकेलेपन से भागने के लिए युवा नशे को एस्केप रूट (भागने का रास्ता) बना लेते हैं।

**आसान उपलब्धता और डिजिटल ब्लैक मार्केट :** आज डार्कनेट, सोशल मीडिया कूरियर और एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स के बाहर सक्रिय पेडलर्स के कारण ड्रग्स की होम डिलीवरी आसान हो गई है। फार्मास्युटिकल कफ सिरप और प्रतिबंधित गोलियां भी आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।

### समाधान की राह- कैसे बचेगा हमारा यौवन?

इस संकट से निपटने के लिए केवल कानून काफी नहीं है, बल्कि एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है:

**पारिवारिक संवाद और निगरानी प्राथमिक कदम**

माता-पिता को अपने बच्चों के बदलते व्यवहार (जैसे अचानक चिड़चिड़ापन, पैसों की अत्यधिक मांग, अकेले रहना) पर नजर रखनी होगी और उनसे खुलकर बात करनी होगी ।संस्थानों में सख्त नियंत्रण

### प्रशासनिक कार्रवाई

स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पर जीरो-टॉलेरेंस नीति अपनानी होगी। सरकार की 39;नशा मुक्त भारत अभियान39 जैसी पहलों को जमीनी स्तर पर और मजबूत करना होगा ।मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग

### उपचारात्मक कदम

शैक्षणिक संस्थानों में अनिवार्य रूप से काउंसलर्स नियुक्त किए जाने चाहिए ताकि युवा अवसाद या तनाव की स्थिति में नशे की ओर जाने के बजाय सही थेरेपी का चुनाव कर सकें ।पुनर्वास और सामाजिक स्वीकार्यता

### अंतिम चरण

जो युवा इस दलदल में फंस चुके हैं, उन्हें अपराधी की नजर से देखने के बजाय मरीज मानकर39;इंटीग्रेटेड रिहैबिलिटेशन सेंटर्स 39; के जरिए मुख्यधारा में वापस लाना होगा।

### निष्कर्ष

नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार और अंततः राष्ट्र के भविष्य को खोखला कर देता है। यदि भारत को अपनी युवा शक्ति के दम पर विश्व पटल पर नेतृत्व करना है, तो हमें अपने घटते यौवन को बचाना होगा। यह समय इस समस्या पर पर्दा डालने का नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को एक साथ आकर नशे को ना और जिंदगी को हाँ कहने का है।

नशीले पदार्थों के खिलाफ देशव्यापी अभियानों और सरकार की कड़ी कार्रवाई को समझने के लिए आप केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा ड्रग कार्टेल्स के खिलाफ उठाए गए कदमों पर आधारित यह नशा मुक्त भारत की बड़ी तैयारी का वीडियो देख सकते हैं, जो इस समस्या की गंभीरता और प्रशासनिक प्रयासों पर प्रकाश डालता है।

# सुख सरकार में लाचार मरीज हुए आहत

गंभीर बीमारियों से जूझ रहे सहारा योजना लाभार्थियों को राहत राशि दिए जाने के लिए सुख सरकार पास बजट नहीं है ।कहने को हिमाचल प्रदेश में सुख की सरकार सतासीन है ।36 हजार सहारा योजना लाभार्थियों को पिछले दस महीनों से आर्थिक सहायता नहीं मिल पाई है ।ऐसे लाचार लोगों को इस सरकार में सुख की अनुभूति कतई नहीं हो रही है।

महंगा इलाज करवाना मानों उनका नसीब बन चुका है ।नित नए दिन बदलती औपचारिकताओं से हजारों सहारा योजना लाभार्थी इस सरकार से बेहद खफा हैँ ।पूर्व भाजपा सरकार ने गंभीर बीमारियों से लाचार लोगों की आर्थिक मदद किए जाने उद्देश्य से सहारा योजना चलाई थी ।सरकार की मंशा साफ थी बर्षों से गंभीर बीमारियों से ग्रसित होकर नरकीय जीवन जीने बाले मरीजों की कुछ इस तरह आर्थिक मदद की जाए।

सहारा योजना का लाभ गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों सहित सौ प्रतिशत अपंग बच्चों के परिवारजनों के लिए यह राहत राशि किसी सांत्वना से कम नहीं थी।

इस राशि से वह अपंग बच्चों की अच्छी देखभाल करते थे। सहारा योजना कैंसर, लकवा, हिमाफीलिया, थैलेसिमिया, क्रोनिक रिनल फैल्योर जैसी बीमारियों को शामिल किया गया है ।सहारा योजना तहत प्रत्येक लाभार्थी को तीन हजार रुपये आर्थिक सहायता पहुंचाई जाती थी। सता परिवर्तन तदोपरांत सुख की सरकार को सहारा योजना अखरना शुरु हो गई। बिस्तर पर गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को प्रत्येक 6 महीने वाद स्वास्थ्य विभाग के चिकित्स्कों से स्वयं के जीबित होने का प्रमाण पत्र लेकर सरकार के पोर्टल पर अपलोड करवाना पड़ता था ।सौ प्रतिशत अपंग बच्चों के परिवारजनों को अपना आय प्रमाण पत्र सरकार को भेजना पड़ता था ।जटिल प्रकिया लागू करने बाबजूद राज्य सरकार ने जुलाई 2025 से इस योजना लाभार्थियों के बैंक खातों में एक पाई नहीं डाली है ।सहारा योजना पोर्टल पर अब कोई दस्ताबेज डाउनलोड नहीं हो रहा और शिमला कार्यलय में कोई फोन तक नहीं उठाता है।

स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारी इस गंभीर मुद्दे पर बोलने से भयभीत रहते हैँ ।बिपक्ष, मीडिया इस मुद्दे को कई बार उठा चुका, मगर संबेदनशील सरकार का मन नहीं पसीज रहा है ।सरकार 1 मई से सहारा योजना लाभार्थियों का डाटा एक बार फिर एकत्रित कर रही है।

सहारा योंजना लाभार्थियों का पिछले दस महीनों का लबित भुगतान किए जाने का सरकार जल्द दावा कर रही है ।जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे मरीजों को समय पर इलाज, राहत राशि न मिले तो फिर इस दरियादिली का क्या औचित्य होगा ।माना की सुख सरकार पर कर्जधारी का बोझ अत्यधिक बढ़ रहा है ।बोर्ड निगमों के अध्यक्षों, माननीयों के वेतन भत्ते सहित अन्य सुबिधाओं में कटौती जायज है ।गंभीर बीमारियों से तरसत मरीजों की हर संभव मदद करना प्रत्येक राज्य सरकार की अहम जिम्मेदारी होती है।



**सुखदेव सिंह**
**स्वतंत्र पत्रकार नूरपुर**

हिमाचल प्रदेश में स्थिति बिल्कुल इसके बिपरीत है ।सहारा योजना पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरु किए जाने का खामियाजा लाचार लोग भुगत रहे हैँ ।इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता की कुछेक अपात्र लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हो सकते हैँ ।इसका मतलव यह नहीं निकलता की बिना कोई गहन जांच किए हजारों मरीजों की राहत राशि ही बंद करना इंसानियत को तार तार करने समान है ।केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश सरकार की रेवन्यु डेफीसिट ग्रांट बंद करके प्रदेश की जनता साथ अन्याय किया है ।यह अनुदान हिमाचल प्रदेश सरकार को कई दशकों से मिलता रहा है ।नतीजन प्रदेश की बित्तीय हालत आज दयनीय हो चुकी है।

सुख की सरकार जन् कल्याण योजनाओं को पैसा यह कहकर नहीं डे रही की केंद्र सरकार ने उसके साथ अन्याय किया है ।हिमकेयर योजना कार्ड जनता को रेबड़ियों की तरह बांटकर सरकार राजस्व कमा चुकी है। हिमकेयर कार्ड सिर्फ जिला स्तर अस्पतालों में चल रहा और जनता को समय पर सही स्वास्थ्य सुविधाए प्राप्त नहीं मिल रही है।

बदलते खान, पान की बजह से अधिकतर लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित है। सरकारी अस्पतालों में पूर्व की भांति स्वास्थ्य सुविधाएं जनता को उपलब्ध नहीं है। जनता प्राइवेट अस्पतालों में महंगा इलाज करबाने को मजबूर है। पूर्व भाजपा सरकार समय हिमकेयर कार्ड में कुछेक निजी अस्पताल प्रबंधकों द्वारा फर्जिबाड़ा किए जाने की जांच चल रही है।

साधारण आपरेशन का पैसा लाखों रुपये में बसूलकर सरकार के खजाने पर बोझ बढ़ाया गया था।

सामाजिक सुरक्षा अधिकार तहत प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को रोजगार, पैंशन उपलब्ध करवाना राज्य सरकारों का दायित्व है ।सुख की सरकार में प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी समस्या बजह से तरसत है।

जनता को तनाव दिए जाने के नित नये दिन हथकंडे अपनाए जा रहे हैँ ।सरकार की बदलती अधिसूचनाओ से आम जनता बेहद परेशान है।

जनसंख्या अनुसार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकारों के लिए बड़ी चुनौती है ।जनता को स्वयं अपने खान, पान में बदलाव करके स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए ।गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को सहारा योजना कारगर साबित हुई, इसलिए सुख की सरकार को इसका लंबित भुगतान जल्दी करना चाहिए।

# राष्ट्रीय भाई दिवस इंसानियत का सबसे खूबसूरत रिश्ता



भाई केवल वह नहीं होता जो एक ही घर में जन्म ले, बल्कि वह हर इंसान होता है जो सुख-दुख में साथ खड़ा रहे, सम्मान दे, प्रेम बांटे और मानवता का संदेश फैलाए।

राष्ट्रीय भाई दिवस हमें यही सीख देता है कि हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध या किसी भी जाति और धर्म के लोग हों – हम सब एक-दूसरे के भाई हैं।

आज के समय में जब समाज को प्रेम, एकता और भाईचारे की सबसे अधिक आवश्यकता है, तब यह दिवस हमें मिल-जुलकर रहने की प्रेरणा देता है।

हमारे देश भारत की सबसे बड़ी ताकत इसकी विविधता में एकता है।

अलग-अलग धर्म, भाषा, पहनावा और परंपराएं होने के बावजूद हम सब भारतीय हैं और यही भावना हमें मजबूत बनाती है।

जब कोई हिंदू अपने मुस्लिम भाई की खुशी में शामिल होता है, जब सिख समाज लंगर के माध्यम से सभी की सेवा करता है, जब ईसाई समाज प्रेम और शांति का संदेश देता है, जब जैन समाज अहिंसा और दया का मार्ग दिखाता है – तब सच्चे भाईचारे की तस्वीर सामने आती है।

भाईचारा केवल शब्द नहीं, बल्कि एक भावना है। यह हमें नफरत छोड़कर प्रेम अपनाने, भेदभाव मिटाने और इंसानियत को सबसे बड़ा धर्म मानने की सीख देता है।

आज राष्ट्रीय भाई दिवस पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर हर इंसान का सम्मान करेंगे और समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश फैलाएंगे।

मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना,
हिंदी हैं हम, वतन है हिंदुस्तान हमारा।

राष्ट्रीय भाई दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



*संपादक पुनीत महाजन एवं भारतीय एकता मंच पंजीकृत जनरल सेक्रेटरी एवं फाउंडर*

## एक मौसम



**कनुप्रिया**
**(नूरपुर, हिमाचल प्रदेश)**

एक पुराना मौसम ठहरा और
चला गया

पुरवाई जो गुजरी
सौंधी मिट्टी को भिगो कर
नम सा आँचल छोड़ गई
एक लिबास जो ओढ़ आया था
सिराहने नई सी चादर
सा बिछ गया

एक पुराना मौसम ठहरा और
चला गया
अभी तो ओस ठहरी भी ना थी
वो मोती सा बिखर गया
सिमेटती कैसे, पारे सा
वो पिघल गया

एक पुराना मौसम ठहरा
और चला गया
आंखों को ठंडक देने को था
पर वक्त के लम्हें सा वो
फिसल गया

एक पुराना मौसम था
ठहरा पर चला गया

# आतंक के आकाओं पर शिकंजा



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारत के लिए खतरा बने एक और आतंकी सरगना हमजा बुरहान का मारा जाना यही बताता है कि ऐसे आतंकियों को ठिकाने लगाने वाले अज्ञात बंदूकधारी अपने काम पर लगे हुए हैं। पुलवामा का रहने वाला हमजा पाकिस्तान पढ़ने के लिए गया था, लेकिन वहां जाकर वह आतंकी संगठन अल बद्र का गुर्गा बन गया और कश्मीरी युवाओं को आतंक के रास्ते पर चलने के लिए उकसाने लगा। पुलवामा आतंकी हमले में उसका भी हाथ था। हालांकि वह अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था, लेकिन फिर भी अज्ञात बंदूकधारियों की निगाह से बच नहीं पाया। प्रश्न यह नहीं है कि इन अज्ञात बंदूकधारियों के पीछे कौन है?

प्रश्न यह है कि आखिर पाकिस्तान भारत के लिए खतरा बने आतंकियों को पालने-पोसने से कब बाज आएगा? चूंकि वह बाज नहीं आ रहा है, इसलिए वहां पल रहे आतंकियों का येन-केन-प्रकारेण खात्मा ही भारत के हित में है। जब सीधी अंगुली से घी न निकले तो अंगुली टेढ़ी करनी ही पड़ती है और आतंकियों के खात्मे में तो साम-दाम-दंड-भेद यानी कोई भी जतन करने में हर्ज नहीं।

यह अच्छा है कि भारत में आतंकी हमले कराने अथवा कश्मीरी युवाओं को भड़काने वाले आतंकियों के खात्मे का सिलसिला न केवल कायम है, बल्कि वह तेज होता हुआ भी दिख रहा है। यह इतना तेज होना चाहिए कि पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों के साथ-साथ वहां के सत्ता प्रतिष्ठान को भी यह संदेश जाए कि भारत को क्षति पहुंचाने वाले सुरक्षित बचने वाले नहीं हैं। और भी अच्छा यह होगा कि भारत के लिए खतरा बने आतंकियों को पालने-पोसने और उन्हें हर तरह की मदद देने वालों तक भी अज्ञात बंदूकधारी पहुंचें।

पिछले पांच-छह वर्षों से अब तक अज्ञात बंदूकधारियों की ओर से कम से कम दो दर्जन ऐसे आतंकियों का खात्मा किया जा चुका है, जिन्होंने भारत में आतंकी हमले कराए। इनमें जैश, लश्कर के कई आतंकी सरगना हैं। ऐसे शेष आतंकियों की लंबी सूची है। इनमें मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे आतंकी सरगना तो हैं ही, दाऊद इब्राहिम भी है।

भारत विरोधी आतंकियों की लंबी सूची यही बताती है कि पाकिस्तान का सत्ता प्रतिष्ठान और विशेष रूप से उसकी खुफिया एजेंसी आइएसआइ इन आतंकियों को बिना किसी शर्म-संकोच पाल रही है, लेकिन अज्ञात बंदूकधारियों से वे लाहौर से लेकर पेशावर तक कहीं भी नहीं बच पा रहे हैं। उन्हें बचना भी नहीं चाहिए। पता नहीं ढीठ पाकिस्तान के लिए यह कितनी चिंता का विषय है कि उसके यहां पलते आतंकियों को कौन मार रहा है, लेकिन कम से कम भारत को इसे लेकर सतर्क रहना चाहिए कि पहलगाम हमले के बाद छेड़े गए आपरेशन सिंदूर में पस्त होने के बाद भी वह भारत में आतंकी हमलों की साजिश रचने में लगा हुआ है।

प्रथम न्यूज़
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

हिमाचल न्यूज़
Website : www.prathamnews.in



## संक्षिप्त न्यूज़

### शिमला के आर्यन हरनोट को अभिनय एवं निर्देशन के लिए BIG Impact Award 2026. हिमाचल के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने किया सम्मानित, लघु फिल्म कील और राम भरोसे को मिला राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान



**शिमला, ( बी. शर्मा )-** हिमाचल प्रदेश शिमला के निवासी प्रतिभाशाली अभिनेता एवं फिल्म निर्माता आर्यन हरनोट को अभिनय और निर्देशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'BIG Impact Award 2026' से सम्मानित किया गया। प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री कविंद्र गुप्ता ने रविवार को होटल रेडिसन, शिमला के सभागार में आयोजित भव्य समारोह में यह सम्मान प्रदान किया। यह पुरस्कार 95 बिग एफएम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिया जाता है। समारोह में बिग एफएम की वरिष्ठ अधिकारी निदेशक सहित हिमाचल के वरिष्ठ अधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आर्यन हरनोट एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। एक अभिनेता के रूप में उन्होंने दिया और बाती हम, फुलवा, कामना, तुम देना साथ मेरा, परवरिश, बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन और राम भरोसे जैसे लोकप्रिय टेलीविज़न धारावाहिकों में मुख्य व समानांतर मुख्य भूमिकाएँ निभाकर देशभर में पहचान बनाई है। आर्यन एक अच्छे लेखक भी है।

निर्देशक के रूप में भी उनकी फिल्मों ने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना बटोरी है। उनकी निर्देशित लघु फिल्में कील और राम भरोसे समीक्षकों द्वारा प्रशंसित होने के साथ-साथ कई प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में पुरस्कृत हो चुकी हैं।

सम्मान प्राप्त करने के बाद आर्यन हरनोट ने कहा, यह सम्मान मेरे प्रदेश और उन सभी लोगों का है जिन्होंने मेरी यात्रा में विश्वास रखा। हिमाचल की मिट्टी से निकलकर देश के सामने अपनी कहानियाँ रख पाना मेरे लिए गर्व की बात है।

### विभागीय परीक्षाएं 18 जून से होगी आयोजित

**शिमला, ( बी. शर्मा )-** डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (एमएचएचआईपीए) शिमला के विभागीय परीक्षा बोर्ड के सचिव दिनेश कुमार शर्मा ने आज यहां बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रशासनिक सेवा, तहसीलदार व नायब तहसीलदार व अन्य सभी राजपत्रित अधिकारी और पात्र राजपत्रित अधिकारियों की विभागीय परीक्षाएं अपरिहार्य व प्रशासनिक कारणों से स्थगित की गई थी। यह परीक्षाएं अब पूर्व निर्धारित तिथि 28 अप्रैल से 7 मई, 2026 के स्थान पर 18 जून से 27 जून, 2026 तक आयोजित की जाएंगी।

परीक्षाओं का आयोजन संशोधित समय सारिणी के अनुसार राजकीय महाविद्यालय संजौली शिमला में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पेपर संख्या-1 (वित्तीय प्रशासन) में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए इस पेपर का आयोजन राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मण्डी केन्द्रों में 18 जून, 2026 को किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि परीक्षा की संशोधित समय सारिणी को हिपा की वेबसाइट www.hipashimla.nic.in. से डाउनलोड किया जा सकता है।

### दीप स्टार हंट फाउंडेशन, परवाणू द्वारा टैलेंट हंट जूनियर सेशन-26 का आयोजन बद्दी में सफलतापूर्वक संपन्न

**युवा स्वस्तिक गौतम ने मुख्यातिथि बन 101 पौधे वितरित किए**



**बद्दी 24 मई( गुरजीत सिंह )-** दीप स्टार हंट फाउंडेशन, परवाणू द्वारा टैलेंट हंट जूनियर सेशन-26 का आयोजन होटल बीके, भुड़, बद्दी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में युवा प्रतिनिधि समाजसेवी एवं आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के ज्वाइंट सेक्रेटरी स्वस्तिक गौतम ने मुख्यातिथि बन प्रतिभागियों को 101 पौधे वितरित किए। स्वस्तिक गौतम ने इस अवसर पर कहा कि युवाओं को देशहित की भावना रख कार्य करना चाहिए। उन्होंने संस्था को भविष्य में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। संस्था के अध्यक्ष अरूण ठाकुर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में अंबाला, पंचकूला, चंडीगढ़ एवं अन्य क्षेत्रों से कुल 102 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना एवं उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। उन्होंने बताया कि 5 जून पर्यावरण दिवस व 21 जून को योग दिवस पर सीनियर वर्ग का ऑडिशन करवाया जाएगा व स्वस्तिक गौतम द्वारा 201 पौधे वितरित जाएंगे।

कार्यक्रम में जज के रूप में प्रोफेशनल सिंगर रानी सुमन तथा राजेश मैडम उपस्थित रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कथक डांस में अंबाला की आराध्या विजेता रहीं, जबकि सिंगिंग प्रतियोगिता में हिमाचल के रुद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मॉडलिंग प्रतियोगिता में अभिषेक विजेता रहे तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में काव्या ने प्रथम स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम में विजेताओं एवं प्रतिभागियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं 101 पौधे समाजसेवी स्वास्तिक गौतम द्वारा भेंट किए गए। इस अवसर पर स्वस्तिक गौतम की टीम से रवि वर्मा, पलक, वंशिका, निहारिका, पूजा, धैर्य, अक्षित एवं समृति भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# मीडिया सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम : राज्यपाल

## राज्यपाल ने ईंधन संरक्षण एवं नशा मुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया

» प्रथम न्यूज़ । शिमला
24 मई ( बी.शर्मा )




राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कल देर सांय शिमला में बिग एफएम द्वारा आयोजित 'बिग इम्पैक्ट अवॉर्ड्स-2026' समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मीडिया केवल समाचार और मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने, जागरूक करने तथा सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया।

कविन्द्र गुप्ता ने बिग एफएम को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज सेवा, नवाचार और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को पहचान देने का मंच है। उन्होंने कहा कि समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना समाज को ऐसे पुनीत कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर है तथा इस यात्रा में मीडिया, उद्योग, शिक्षण संस्थान, सामाजिक संगठन और युवाओं की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने रेडियो के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री ने रेडियो को पुनः जन सम्पर्क का प्रभावी माध्यम स्थापित किया है। इससे देशभर के लोगों की जनभागीदारी भी सुनिश्चित हुई है। कविन्द्र गुप्ता ने कहा कि मीडिया जनजागरूकता बढ़ाने, सकारात्मक सोच विकसित करने और सामाजिक अभियानों को जनआंदोलन में बदलने की क्षमता रखता है। विशेष रूप से रेडियो समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहजता से पहुंचता है। राज्यपाल ने कहा कि बिग एफएम आज देश के प्रभावशाली रेडियो नेटवर्कों में से एक बन चुका है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, साइबर सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े अभियानों के आयोजन के लिए बिग एफएम की सराहना की तथा शिमला में 'बिग इम्पैक्ट अवॉर्ड्स' के तीसरे संस्करण के सफल आयोजन की बधाई दी।

उन्होंने वैश्विक तेल संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मीडिया से आह्वान किया कि वह सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग, कार-पूलिंग, अनावश्यक वाहन उपयोग से बचाव तथा ऊर्जा दक्ष जीवनशैली अपनाने जैसे उपायों के प्रति लोगों को जागरूक करें। राज्यपाल ने कहा कि ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है। छोटे-छोटे व्यक्तिगत प्रयास पर्यावरण संरक्षण और देश की ऊर्जा सुरक्षा में बड़ा योगदान दे सकते हैं। उन्होंने युवाओं में बढ़ते नशे के प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे समाज और नैतिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए जागरूकता, सकारात्मक सहभागिता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि मीडिया नशा मुक्ति अभियान में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है। जागरूकता अभियान, प्रेरणादायक कार्यक्रम और सकारात्मक संदेशों के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच अपनाने व खेल संस्कृति, नवाचार और सामाजिक सेवा गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। कविन्द्र गुप्ता ने सभी पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां समाज के लिए प्रेरणा हैं और यह सिद्ध करती हैं कि समर्पण, संघर्ष और सामाजिक प्रतिबद्धता से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। इससे पूर्व, बिग एफएम की रीजनल प्रोग्रामिंग हेड एवं नेशन लीडदृपर्पज इनिशिएटिव्स, सुलक्षणा ब्राम्टा ने राज्यपाल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बिग एफएम सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर बिग एफएम की क्लस्टर बिजनेस हेड जय भारती व अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

# बिलासपुर भाजपा में बगावत पर बड़ी कार्रवाई, दो नेता निष्कासित





**बिलासपुर ( धर्मपाल )**-पंचायत चुनावों के बीच बिलासपुर भाजपा में चल रही अंदरूनी खींचतान पर आखिरकार पार्टी संगठन ने सख्त रुख अपनाते हुए दो नेताओं पर बड़ी कार्रवाई की है। भाजपा ने बिलासपुर सदर से जुड़े रोहित ठाकुर और भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष देवांश चंदेल को बागी गतिविधियों के चलते संगठनात्मक दायित्वों से मुक्त कर दिया है। यह निर्णय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल की अनुमति के बाद लिया गया।

लंबे समय से बरमाणा और जांगला जिला परिषद वार्ड में चल रही बगावत को लेकर संगठन की चुप्पी पर सवाल उठ रहे थे। प्रदेश के अन्य जिलों में भाजपा पहले ही बागी नेताओं पर कार्रवाई कर चुकी थी, लेकिन बिलासपुर में देरी के कारण राजनीतिक चर्चाएं तेज थीं। अब कार्रवाई के बाद यह स्पष्ट संकेत गया है कि पार्टी पंचायत चुनावों में अनुशासनहीनता को लेकर किसी भी तरह की नरमी बरतने के मूड में नहीं है।

बरमाणा जिला परिषद वार्ड में भाजपा ने अशोक कुमार को अधिकृत उम्मीदवार बनाया है, जबकि रोहित ठाकुर बागी होकर चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। यह क्षेत्र सदर विधायक त्रिलोक जमवाल का प्रभाव क्षेत्र माना जाता है। वहीं जांगला वार्ड में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अनूप महाजन के खिलाफ देवांश चंदेल निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। युवा वर्ग में देवांश की मजबूत पकड़ को देखते हुए यह सीट पहले से ही चर्चा में थी।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार भाजपा की इस कार्रवाई का सीधा असर चुनावी माहौल पर पड़ेगा। पार्टी अब अपने अधिकृत उम्मीदवारों के पक्ष में कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की कोशिश करेगी, जबकि बागी उम्मीदवार भी अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने में पीछे नहीं हटेंगे। ऐसे में बरमाणा और जांगला दोनों सीटें जिले की सबसे हाई प्रोफाइल राजनीतिक लड़ाइयों में शामिल हो चुकी हैं।

# प्रथम चरण के तहत 26 मई को ज़िला की 118 ग्राम पंचायतों में होगा मतदान

## मतदान प्रक्रिया के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना : मुकेश रेपसवाल

» प्रथम न्यूज़ । चंबा
24 मई ( एएम नाथ )







उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायती राज सामान्य निर्वाचन-2026 के अंतर्गत प्रथम चरण की मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री सहित अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के अंतर्गत 26 मई को चंबा ज़िला की 118 ग्राम पंचायतों में मतदान प्रक्रिया पूर्ण होगी।

इनके अंतर्गत विकासखंड भरमौर की 16 ग्राम पंचायतें, मैहला की 17, चंबा की 16, भटियात की 24, सलूणी की 16 तथा तीसा विकासखंड की 19 सहित पांगी विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों में मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाई जाएगी।

उपायुक्त ने यह भी बताया कि 118 ग्राम पंचायतों के तहत 676 वार्ड शामिल हैं। इन ग्राम पंचायतों के तहत 18 ज़िला परिषद वार्ड तथा 46 पंचायत समिति वार्ड भी सम्मिलित हैं। ??

मुकेश रेपसवाल ने बताया कि सभी मतदान कर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन को लेकर आवश्यक प्रशिक्षण एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं।

उपायुक्त ने मतदाताओं से बिना किसी भेदभाव एवं प्रलोभन के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया है। साथ में उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित बनाने का भी आह्वान किया है।

26 मई को इन ग्राम पंचायत में पूर्ण होगी मतदान प्रक्रिया

**विकास खण्ड चम्बा**

ग्राम पंचायत रजिंड़ू, सिढकुंड, पलूहीं, कुठेहड़, चकलू, चम्बी, सिल्लाघ्राट, कैला, सिंगी, कोहलड़ी, रिण्डा, खज्जियार, टिकरी, कन्दला, निहुई तथा राजनगर।

**विकास खण्ड भरमौर**

ग्राम पंचायत कुगती, हड़सर, तुन्दाह, पूलन, उलांसा, सांह, घरेड़, बडग्रां, ग्रौंडा, नयाग्रां, कुलेठ, कुंवारसी, जगत, सेहली, दुर्गेठी तथा होली।

**विकास खण्ड तीसा**

सनवाल, खुशनगरी, चांजू, लेसुई, जसौरगढ़, आयल, शलेलाबाड़ी, सेईकोठी, मंगली, गुईला, टेपा, घुलेई, खजुआ, चीह, देहरा, दियोला, सपरोटा, टिकरीगढ़ तथा भंजराडू।

**विकास खण्ड मैहला**

अठलुंई, कीड़ी, सराहन, करियां, लुड्डू, रठियार, टपून, बसोधन, फागड़ी, कुठेहड़, बकान, सुनारा, पियूहरा, कूंर, बलोठ, भटवाड़ा व किलोड़।

**विकास खण्ड पांगी**

सुराल, करयास, किलाड़-1, करेल, करयुणी कोठी, साच, साहली, सेचू, शौर एवं रेई।

**विकास खण्ड सलूणी**

खड़जोता, भडेला, लनोट, खरल, ठाकरी-मट्टी, करवाल, मंजीर, भजोत्रा, मौड़ा, सिंगाधार, सिमनी, भसुआ, किहार, किलोड़, हडला व नड़ल।

**विकास खण्ड भटियात**

गोला, काथला, धुलारा, हटली, खरगट, सुरपड़ा, टुण्डी, जोलना, मनहुता, परसियारा, कुडनू, मलूण्डा, गाहर, काहरी, बलेरा, तारागढ़, सुदली, जियुन्ता, चूहन, मेल, शेरपुर, रुलियाणी, औसल व पधरोट।

# पट्टा ब्लॉक में मतदान दलों का अंतिम पूर्वाभ्यास सम्पन्न

## मतदान दलों को निर्धारित स्थलों के लिए रवाना किया गया

» प्रथम न्यूज़ । पट्टा मेहलोग
24 मई ( तारा )



पट्टा ब्लॉक में पंचायत चुनावों के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित बनाने के उद्देश्य से रविवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पट्टा मेहलोग में मतदान दलों का अंतिम पूर्वाभ्यास एवं चुनाव सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया, आवश्यक दिशा-निर्देशों तथा चुनाव सामग्री के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करते हुए मतदान दलों को निर्धारित स्थलों के लिए रवाना किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 55 मतदान दलों को चुनाव ड्यूटी हेतु रवाना किया गया, जिनमें लगभग 220 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए 110 पुलिस कर्मियों की तैनाती भी सुनिश्चित की गई। प्रथम चरण में 9 पंचायतों के लिए मतदान दलों को आवश्यक चुनाव सामग्री सहित रवाना किया गया।

इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ), सेक्टर अधिकारी, तहसीलदार बद्दी सतिंदर जीत सिंह, नायब तहसीलदार कृष्णगढ़ सूरत सिंह, नायब तहसीलदार बद्दी जगदीश मोदगिल तथा खंड विकास अधिकारी पट्टा कुलदीप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने मतदान दलों को निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए तथा कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाने में प्रत्येक कर्मचारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

**शिमला ( बी. शर्मा )-** प्रदेश कांग्रेस कल 25 मई को सभी जिला मुख्यालयों में पेट्रोल डीजल के बढ़ते मूल्यों के विरोध में केंद्र की भाजपा नेतृत्व सरकार के के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने सभी जिला अध्यक्षों से इस धरना प्रदर्शन में पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों, अग्रणी संगठनों व विभागों के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए बढ़ती महंगाई के विरुद्ध एकजुट होकर आगे आने को कहा है। विनय कुमार ने तेल कंपनियों द्वारा हर रोज बढ़ते पेट्रोल व डीजल के मूल्यों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि ऐसा लगता है कि केंद्र की मोदी सरकार ने तेल कम्पनियों को देश के लोगों को लूटने की खुली छूट दे दी है। तेल के बढ़ते मूल्यों से देश हर रोज महंगाई की दल दल में फंसता जा रहा है। पेट्रोल डीजल के बढ़ते मूल्यों से आवश्यक वस्तुओं के भाव भी आसमान छूने लगे है।

विनय कुमार ने कहा है कि भाजपा तेल के बढ़ते दामों पर पूरी तरह खामोश बैठी है। उन्होंने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा है कि भाजपा केवल राजनीति कर लोगों की भावनाओं से खेलती है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस देश के साथ हो रहें अन्याय के खिलाफ लोगों के साथ खड़ी है और किसी भी आंदोलन से पीछे हटने वाली नही।

विनय कुमार ने प्रदेश भाजपा नेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कहा है कि नगर निकायों के चुनाव परिणामों से भाजपा हताशा में है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में भाजपा विघटन की ओर तेजी से बढ़ रही है।

# पंचायतीराज संस्थाओं के तीन चरणों में चुनाव सम्पन्न करवाने को मतदान दल रवाना

## विकास खंड सदर से 127, झंडुता से 101, घुमारवीं से 147 तथा श्री नैना देवी जी से 53 मतदान दल हुए रवाना

» प्रथम न्यूज़ । बिलासपुर
24 मई ( धर्मपाल/जितेंद्र गौतम )







जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि जिला बिलासपुर की 182 ग्राम पंचायतों के 1140 वार्ड में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव तीन चरणों में सम्पन्न करवाने के लिए आज मतदान दलों को संबंधित विकास खंड मुख्यालयों से पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव सामग्री के साथ रवाना कर दिया गया है। जिला बिलासपुर में तीन चरणों 26, 28 तथा 30 मई को मतदान करवाया जाना हैं। जिसमें 26 मई को पहले चरण में 62 ग्राम पंचायतों के कुल 428 वार्डों, 28 मई को दूसरे चरण में 62 ग्राम पंचायतों के कुल 386 वार्डों तथा 30 मई को तीसरे चरण में 58 ग्राम पंचायतों के कुल 326 वार्डों में चुनाव प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

उन्होंने बताया कि पहले चरण में कुल 62 ग्राम पंचायतों जिनमें झंडूता विकास खण्ड की 15 पंचायतों के 101 वार्ड, घुमारवीं विकास खण्ड की 21 ग्राम पंचायतों के 147 वार्ड, श्री नैना देवी जी विकास खण्ड की 09 ग्राम पंचायतों के 53 वार्ड तथा सदर विकास खण्ड की 17 ग्राम पंचायतों के 127 वार्ड शामिल है।

इसी तरह दूसरे चरण में जहां कुल 62 ग्राम पंचायतों जिनमें झंडूता विकास खण्ड की 15 पंचायतों के 95 वार्ड, घुमारवीं विकास खण्ड की 21 ग्राम पंचायतों के 133 वार्ड, श्री नैना देवी जी विकास खण्ड की 09 ग्राम पंचायतों के 53 वार्ड तथा सदर विकास खण्ड की 17 ग्राम पंचायतों के 105 वार्ड शामिल हैं, तो वहीं तीसरे चरण में कुल 58 ग्राम पंचायतों जिनमें झंडूता विकास खण्ड की 15 पंचायतों के 87 वार्ड, घुमारवीं विकास खण्ड की 21 ग्राम पंचायतों के 63 वार्ड, श्री नैना देवी जी विकास खण्ड की 07 ग्राम पंचायतों के 37 वार्ड तथा सदर विकास खण्ड की 15 ग्राम पंचायतों के 79 वार्ड शामिल है। पंचायत चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए विकास खंड सदर की 49 ग्राम पंचायतों के लिए 127 मतदान दलों, झंडूता विकास खंड की 45 ग्राम पंचायतों के लिए 101, घुमारवीं विकास खंड की 63 ग्राम पंचायतों के लिए 147 तथा श्री नैना देवी जी विकास खंड की 25 ग्राम पंचायतों के लिए 53 मतदान दलों को सरकारी बसों के माध्यम से रवाना किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विकास खंड में 10 प्रतिशत स्टाफ को रिजर्व में रखा गया है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा कर्मियों को भी प्रत्येक मतदान दल के साथ भेजा गया है। जिसमें सामान्य मतदान केंद्र में एक, संवेदनशील मतदान केंद्र में दो तथा अति संवेदनशील मतदान केंद्र में एक सुरक्षा कर्मी के साथ पुलिस विभाग का एक वरिष्ठ कर्मी को तैनात किया गया है।

उन्होंने बताया कि मतदान प्रातः 7 बजे से अपराहन् 3 बजे तक करवाया जाएगा। ग्राम पंचायतों की मतगणना मतदान सम्पन्न होने के उपरांत संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालयों में की जाएगी जबकि पंचायत समिति तथा जिला परिषद की मत पेटियों को संबंधित विकास खंड में स्थापित स्ट्रांग रूम लाया जाएगा तथा 31 मई को निर्धारित मतगणना स्थल पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दृष्टिगत प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

# 15 गेंदों में तय हो गई थी मुंबई इंडियंस की हार, राजस्थान ने बनाई प्लेऑफ में जगह

आईपीएल 2026 के 69वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने वानखेडे स्टेडियम में मुंबई इंडियंस को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया. इस अहम जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स ने प्लेऑफ की आखिरी जगह पक्की कर ली. टॉप-4 में क्वालिफाई करने के लिए राजस्थान को यह मैच जीतना जरूरी था और टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 30 रनों से बाजी मारी. इस मैच में राजस्थान रॉयल्स की जीत के हीरो जोफ्रा आर्चर रहे, जिन्होंने गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी कमाल का प्रदर्शन किया.



### जोफ्रा आर्चर की तूफानी बल्लेबाजी

इस मैच में राजस्थान रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 205 रन बनाए. इस दौरान राजस्थान की शुरुआत कुछ खास नहीं रही. यशस्वी जायसवाल ने 27 रन और वैभव सूर्यवंशी 4 रन बनाकर आउट हो गए. ध्रुव जुरेल भी 38 रन बनाकर अपना विकेट गंवा बैठे. कप्तान रियान पराग भी 14 रन से आगे नहीं बढ़ सके, जिसके चलते राजस्थान के 119 रन पर ही 5 विकेट गंवा दिए. इसके बाद जोफ्रा आर्चर के बल्ले से एक कमाल की पारी देखने को मिली.

जोफ्रा आर्चर ने सिर्फ 15 गेंदों पर 213.33 की स्ट्राइक रेट से 32 रन ठोके, जिसमें 1 चौका और 3 छक्के शामिल रहे. जोफ्रा आर्चर की इस पारी में मैच का मोमेंटम राजस्थान की ओर मोड़ दिया और टीम 200 रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब रही. जोफ्रा आर्चर की ये 15 गेंदों की पारी मुंबई को काफी भारी पड़ी. दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी में दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर ने 2-2 विकेट लिए, लेकिन राजस्थान के बल्लेबाजों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए अच्छा स्कोर खड़ा किया.

### बल्ले के बाद गेंदबाजी में भी चमके जोफ्रा आर्चर

मुंबई इंडियंस 206 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी तो राजस्थान रॉयल्स की गेंदबाजी के आगे उनकी पारी लड़खड़ा गई. जोफ्रा आर्चर ने पहले ही ओवर में रोहित शर्मा को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया. वह खाता भी नहीं खोल सके. फिर उन्होंने नमन धीर को भी अपना शिकार बनाया. रायन रिकल्टन भी 12 रन बनाकर नंद्रे बर्गर की गेंद पर आउट हो गए. हालांकि, सूर्यकुमार यादव ने 60 रनों की जुझारू पारी खेली, जो जीत के लिए काफी नहीं थी. विल जैक्स ने भी 33 रन और हार्दिक पंड्या ने 34 रन बनाए. लेकिन राजस्थान की गेंदबाजी के मुंबई के बल्लेबाज 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 175 रन ही बना सके. जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए. वहीं, जोफ्रा आर्चर के नाम 2 सफलता रहीं. बृजेश शर्मा ने भी 2 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया. इसके अलावा, युवा स्पिनर यश राज पुंजा ने भी 2 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया.

# अजिंक्य रहाणे पर भारी पड़ी केएल राहुल की पारी, दिल्ली-कोलकाता ने जीत के साथ ली विदा

रविवार शाम ईडन गार्डेंस स्टेडियम में आईपीएल के वर्तमान सत्र के लीग चरण का अंतिम मैच शुरू होते ही कोलकाता प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी थी। कारण, वानखेड़े स्टेडियम में राजस्थान मुंबई को हराकर प्लेऑफ में पहुंचने वाली अंतिम टीम बन चुकी थी।



कोलकाता अंतिम मैच जीत के साथ खत्म करना चाहती थी, लेकिन उसे वह भी नसीब नहीं हो पाया। दिल्ली उसके लिए दूर ही रह गई। दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइटराइडर्स को उसी के मैदान में 40 रनों से हरा दिया।

### राहुल ने लगाई फिफ्टी

दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए लोकेश राहुल (60) और कप्तान अक्षर पटेल (39) की शानदार पारियों के बूते निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 203 रन बनाए, जिसके जवाब में कोलकाता 18.4 ओवर खेलकर सारे विकेट गंवाकर 163 रन ही बना पाई।

उसके छह बल्लेबाज तो दहाई अंक पर भी नहीं पहुंच पाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सर्वाधिक 63 रन बनाकर आईपीएल का अपना 35वां अर्धशतक पूरा किया। दिल्ली शनिवार को ही पंजाब की जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी थी, हालांकि ईडन से सांत्वना जीत लेकर लौटी है।

### कुलदीप ने पलटा मैच का रुख

ईडन गार्डेंस हो और कुलदीप यादव (3/29) को विकेट न मिले, ऐसा कम ही देखने को मिलता है। कुलदीप ने 14वें ओवर में मैच का रुख पलट दिया। कोलकाता उस समय अच्छी स्थिति में थी और कप्तान रहाणे की शानदार बल्लेबाजी से वह लक्ष्य की तरफ बढ़ रही थी। कुलदीप ने ओवर की दूसरी गेंद पर रहाणे को डेविड मिलर के हाथों लपकवाया, अगली गेंद पर रिंकू सिंह को भी ट्रिस्टन स्ब्टस के हाथों लपकवा कर चलता कर दिया। कुलदीप हैटट्रिक भी कर लेते, अगर अगली गेंद पर विकेटकीपर अभिषेक पोरेल ने तेजस्वी दहिया का आसान सा कैच नहीं टपकाया होता। इस कारण कुलदीप अमित मिश्रा के बाद दिल्ली के लिए हैटट्रिक करने वाले दूसरे गेंदबाज बनने से चूक गए। तेज गेंदबाज लुंगी एनगिदी ने भी तीन विकेट चटकाए।

उन्होंने टीम को शुरुआती दो सफलताएं दिलाई। मिशेल स्टार्क की झोली में भी दो विकेट आए। कोलकाता के लिए तेज गेंदबाज सौरव दुबे ने दो विकेट लिए। मैच की अंतिम गेंद पर विकेटकीपर तेजस्वी दहिया ने आशुतोष शर्मा का आसान सा कैच नहीं छोड़ा होता तो दुबे के नाम भी इस मैच में तीन विकेट होते।

### शाबास कोलकाता

आईपीएल के इस सत्र को निश्चित रूप से कोलकाता के कमबैक के लिए भी याद रखा जाएगा। पहले छह मैचों में से पांच मैच हारने व एक मैच बारिश के कारण धुलने के बाद रहाणे की कप्तानी वाली कोलकाता ने जिस तरह से वापसी की, वह प्रशंसनीय है।

क्रिकेट पंडित पहले छह मैच बाद कोलकाता को प्लेऑफ की दौड़ से बाहर मान बैठे थे। कोलकाता ने उसके बाद लगभग हर मैच करो या मरो की तरह खेला और अपनी उम्मीदें बनाए रखी। लीग चरण के अंतिम दो मैचों से पहले तक कोलकाता के लिए संभावनाएं मौजूद थीं।

### कमाल के राहुल

लोकेश राहुल ने 30 गेंदों पर 60 रनों की एक और शानदार पारी खेल मौजूदा सत्र से विदाई ली। उनकी पारी में पांच चौके व चार छक्के शामिल रहे। राहुल ने अभिषेक पोरेल (22) के साथ दिल्ली को तेज शुरुआत दी। राहुल ने इस सत्र में 14 मैचों में कुल 593 रन बनाए हैं, जिनमें एक शतक व पांच अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने पंजाब के विरुद्ध मात्र 67 गेंदों पर अविजित 152 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी। पूरे सत्र में उन्होंने 53 चौके व 29 छक्के लगाए।

### टॉस के वक्त तक ये थे समीकरण

कोलकाता के लिए टॉस के वक्त तक उम्मीदें बची थीं क्योंकि राजस्थान-मुंबई के बीच उस समय वानखेड़े स्टेडियम में रोमांचक मैच चल रहा था, जिसका परिणाम किसी भी ओर जा सकता था, लेकिन ईडन गार्डेंस में कोलकाता-दिल्ली का मैच शुरू होने के बाद कुछ गेंदें ही डली थीं कि राजस्थान की जीत की खबर आ गई और यह मैच निर्णायक से साधारण बनकर रह गया। केवल औपचारिकता रह गई।

मैदान में कोलकाता के खिलाड़ियों के मायूस चेहरों से साफ हो गया था कि उन्हें राजस्थान की जीत की खबर मिल चुकी है। कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे के टास जीतकर रनों का पीछा करने का निर्णय लिया था।

# भारत को विश्व क्रिकेट का पावरहाउस बनते देखना चाहते हैं रोहित, बोले- कप्तानी ने बहुत कुछ सिखाया

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि भारतीय क्रिकेट नतीजों और सोच दोनों के मामले में सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि भारत विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ बने।

रोहित के अनुसार, कप्तानी ने उनके करियर को नई दिशा देने का काम किया। रोहित ने पिछले कुछ वर्षों में खेल में आए बड़े बदलाव की ओर भी इशारा किया, खासकर छोटे फॉर्मेट में जहां उनके डेब्यू के बाद से बल्लेबाजी अप्रोच और स्कोरिंग पैटर्न में काफी बदलाव आया है।



### कप्तानी के अनुभव को साझा किया

39 साल के रोहित ने यह भी बताया कि कैसे कप्तानी ने उनके नजरिए को बदला। उन्होंने कहा कि लीडरशीप ने उन्हें अपने प्रदर्शन से आगे सोचने और टीम की मिली-जुली सफलता को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, मैंने भारत और मुंबई इंडियंस की कप्तानी से बहुत कुछ सीखा। कैसे किसी को सब कुछ एक तरफ रखकर यह पक्का करना चाहिए कि टीम का लक्ष्य ज्यादा जरूरी हो। जब कोई कप्तान होता है, तो यह एक अलग कहानी होती है, क्योंकि आपको सिर्फ अपने प्रदर्शन की चिंता करने की जरूरत नहीं होती। आपको दूसरों के प्रदर्शन की भी चिंता करनी होती है। अगर आपने 100 रन बनाए हैं और दूसरे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और टीम मैच हार गई है तो यह चिंता की बात है। जब तक नतीजे नहीं दिखते, तब तक आपको मन की शांति नहीं मिलेगी।



# मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कश्यप समाज के लिए खोला घोषणाओं का पिटारा

**इंद्री में महर्षि कश्यप के नाम से चौक का नामकरण करके स्थापित की जाएगी भव्य प्रतिमा, कश्यप समाज साहसी, वीर, परिश्रमी और स्वाभिमानी : श्री नायब सिंह सैनी**

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
24 मई ( मुकेश डोलिया )

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की कि कैथल में महर्षि कश्यप के नाम से धर्मशाला बनाने के लिए समाज द्वारा प्रस्ताव देने पर उचित स्थान उपलब्ध करवाया जायेगा और इंद्री में महर्षि कश्यप के नाम से चौक का नामकरण करके वहां पर महर्षि कश्यप की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके अलावा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महर्षि कश्यप के नाम से चेयर स्थापित करने हेतु उचित फंड उपलब्ध करवाया जाएगा।

श्री नायब सिंह सैनी आज चंडीगढ़ में संत कबीर कुटीर में 卐महर्षि कश्यप जयंती卐 के अवसर पर आयोजित राज्य-स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने महर्षि कश्यप जी को नमन करते हुए कहा कि महर्षि कश्यप महान परोपकारी और प्रजापालक थे। उन्होंने समाज को एक नई दिशा देने के लिए स्मृति ग्रंथ और कश्यप संहिता जैसे महान ग्रंथों की रचना की। उन्होंने कश्यप समाज के इतिहास को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि इस समाज ने रामायण काल में निषाद् जैसे बलशाली राजा दिये। राजा निषाद् ने ही वनवास के समय प्रभु श्री रामचंद्र जी को अपने यहां आश्रय दिया था। भक्त प्रहलाद भी इस समाज की देन हैं। दशमेश पिता श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के पंच प्यारों में भाई हिम्मत सिंह कश्यप जी भी इसी समाज से थे।

श्री नायब सिंह सैनी ने कश्यप समाज को साहसी, वीर, परिश्रमी और स्वाभिमानी बताया और कहा कि आप लोगों में अपार क्षमताएं हैं। आपको अभी बहुत आगे बढ़ना है। अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करके आप न केवल अपनी कौम का भला कर सकते हैं बल्कि पूरे समाज के विकास में रचनात्मक भूमिका निभा सकते है। उन्होंने समाज के लोगों से अपने बच्चों को नशा जैसी कुप्रवृति से दूर रखने की अपील की।







उन्होंने देश एवं प्रदेश में विपक्ष को मुद्दाविहीन बताते हुए कहा कि वे केवल दुष्प्रचार कर रहे हैं, क्योंकि जनता ने उनको नकार दिया है। उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा कश्यप समाज सहित अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचे। %सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास% का मूल मंत्र इसी भावना से प्रेरित है।

श्री सैनी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को पिछड़ा वर्ग का सबसे बड़ा हितैषी बताया और कहा कि श्री मोदी जी ने केंद्रीय ओ.बी.सी कमीशन को संवैधानिक दर्जा दिलवाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का विजन है। आज आवश्यकता है कि इस विजन को साकार करने के लिए हम जाति, क्षेत्र, भाषा जैसे भेदभावों को मिटाकर आगे बढ़ने का संकल्प लें।

इंद्री विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्री रामकुमार कश्यप ने इस अवसर पर कहा कि वैसे तो कश्यप समाज महर्षि कश्यप जी की जयंती कैथल में विशाल समारोह के साथ मनाना चाहता था लेकिन पश्चिमी देशों में हुई जंग से बनी पैट्रोलियम पदार्थों की कमी को ध्यान में रखा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अपील पर गौर करते हुए छोटा कार्यक्रम किया गया है ताकि डीजल और पैट्रोल की बचत की जा सके। उन्होंने ओबीसी वर्ग के लिए प्रधानमंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा किये गए कल्याणकारी कार्यों का जिक्र करते हुए उनका आभार जताया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भारत भूषण भारती, कश्यप समाज के प्रधान श्री समे सिंह, महामंत्री श्री वीरभान आर्य, जगदीश कश्यप, प्रदीप माजरी, नीलम कश्यप के अलावा कश्यप समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पंजाब, पंथ और सिख कौम के मुद्दों पर श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ने की अहम बैठक

» प्रथम न्यूज । जालंधर
24 मई ( डोगरा )

पंजाब, पंथ और सिख कौम से जुड़े अहम मुद्दों पर श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज जी ने दास सुखमिंदर सिंह राजपाल के निवास स्थान पर सिख चिंतकों और सिंह सभाओं के साथ गहन विचार-विमर्श किया।

आज कौम के जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज जी दास सुखमिंदर सिंह राजपाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता शिरोमणि अकाली दल, के निवास स्थान पर पहुंचे, जहां उनका फूलों की वर्षा और गर्मजोशी भरे सम्मान के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर जालंधर शहर की समस्त सिंह सभाओं के प्रधान, सचिव, सदस्य, सिख चिंतक एवं बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही।



बैठक के दौरान पंजाब, पंथ और सिख कौम से जुड़े कई अहम मुद्दों पर गहरी चर्चा की गई। विशेष रूप से पिछले दिनों राजा गार्डन नहर के पास हुई गुटका साहिब की बेअदबी के मामले को गंभीरता से उठाया गया। दास सुखमिंदर सिंह राजपाल ने इस संबंध में आवाज बुलंद करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा तीन युवकों पर अत्याचार किया गया था। हालांकि उन्हें रिहा कर दिया गया, लेकिन असली दोषी अभी तक कानून की गिरफ्त से बाहर हैं।

सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज जी ने कहा कि पंजाब और सिख कौम को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। श्री अकाल तख्त साहिब हर पंजाबी और हर सिख की अगुवाई करता आया है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और पंजाबियों के अधिकारों की रक्षा के लिए श्री अकाल तख्त साहिब हमेशा अग्रणी भूमिका निभाएगा।

उन्होंने संगतों से अपील की कि सभी पंजाबी और सिख एकजुट होकर श्री अकाल तख्त साहिब की छत्रछाया में संगठित हों, ताकि कौम, पंजाब और पंथ के अधिकारों की मजबूती से रक्षा की जा सके।

इस अवसर पर सुखमिंदर सिंह राजपाल, एडवोकेट सरबजीत सिंह राजपाल, निरवैर सिंह साजन, कुलजीत सिंह चावला, गुरजोत सिंह, जपनजोत सिंह, जतिंदर कौर, सतविंदर कौर, लक्की मल्होत्रा, विजय कुमार मीता, सुरिंदर पाल सिंह मक्कड़, सुखपाल सिंह, गुरनाम सिंह, सतनाम सिंह, मास्टर निरंजन सिंह, सरदार बूटा सिंह, ज्ञानी गुरलाल सिंह जी, सरदार परशोत्तम सिंह, गगनदीप सिंह, हरप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, मार्टिन सिंह सहित बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही। समस्त सिंह सभाओं के प्रतिनिधियों ने सिंह साहिब को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके आगमन पर हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही

# एनपीएस कर्मचारी दिखावे के नशे में सो रही पंजाब सरकार को घंटी बजाकर जगाएंगे : कुलदीप वालिया

» प्रथम न्यूज । जालंधर
24 मई ( कुलदीप सिंह )

पंजाब सरकार के टालमटोल से तंग आकर, पंजाब भर में 2004 के बाद भर्ती हुए एनपीएस कर्मचारियों ने समय की मांग को ध्यान में रखते हुए, इस मुद्दे पर लंबे समय से संघर्ष कर रहे तीन संगठनों - ओल्ड पेंशन रेस्टोरेशन कॉन्स्ट्रश कमेटी पंजाब, सीपीएफ एम्प्लॉई यूनियन और ओल्ड पेंशन प्रतिपति मोर्चा - के नेताओं, जिनमें जालंधर जिला संयोजक वेद राज गढ़ा और दिलबाग सिंह शामिल हैं, ने ओल्ड पेंशन रेस्टोरेशन जॉइंट फोरम के बैनर तले सरकार के खिलाफ संघर्ष का बिगुल बजा दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नेताओं ने कहा कि पंजाब सरकार ने पुराने पेंशन को बहाल करने के अपने चुनावी वादे से मुकर गई है और चार साल बीत जाने के बाद भी वह 18 नवंबर 2022 की अपनी ही अधिसूचना को




लागू करना भूल गई है। इस समय, ओल्ड पेंशन रेस्टोरेशन कॉन्स्ट्रश कमेटी के सलाहकार कुलदीप वालिया ने फैसला किया है कि सरकार द्वारा अपने वादे को पूरा न करने के विरोध में फोरम 28 मई को भैंस के झंडे के सामने वीणा बजाएगा, क्योंकि सरकार अब कर्मचारियों की मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है। 4 जुलाई को मोगा में एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा और उनके लिए कुर्सियाँ भी लगाई जाएंगी ताकि वे कर्मचारियों के ज्वलंत मुद्दों पर अपने विचार साझा कर सकें। यदि मुख्यमंत्री और पंजाब राज्य मंत्री इस सम्मेलन में नहीं आते हैं, तो 23 अगस्त को सटोज गांव में पुराने पेंशन बहाली सांझा मंच द्वारा एक भव्य रैली का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कर्मचारियों ने ब्लॉक स्तर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस अवसर पर प्रेम खलवारा, संदीप राजोवाल, अमरजीत भगत, कुलवीर कुमार, रमन कुमार, रविंदर कुमार, हरविंदर दास, सुशील कुमार, राजेश भट्टी, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, मनदीप कुमार, राकेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय
Website : www.prathamnews.in

## संक्षिप्त न्यूज

### PM मोदी ने बंगाल की फाल्टा सीट पर भाजपा की जीत को लोकतंत्र की जीत बताया

**नई दिल्ली ( ब्यूरो )**– पश्चिम बंगाल की फाल्टा विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जताई है। उन्होंने फाल्टा सीट से नवनिर्वाचित विधायक देबांशु पांडा की चुनाव में जीत के लिए बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि फाल्टा की



जनता ने अपना फैसला सुना दिया है! लोकतंत्र की जीत हुई है और धमकियों की हार हुई है। देबांशु पांडा को फाल्टा में रिकॉर्ड अंतर से जीत के लिए हार्दिक बधाई। यह भाजपा के प्रति पश्चिम बंगाल की जनता के अटूट विश्वास को दर्शाता है। जनता पश्चिम बंगाल सरकार के सभी क्षेत्रों में किए गए असाधारण कार्यों को देख रही है और इसलिए उन्होंने हमें और आशीर्वाद देने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल भर में भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए मेरी हार्दिक बधाई। हम आने वाले समय में भी पश्चिम बंगाल की प्रगति के लिए काम करते रहेंगे।

### कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर, की गई CBI जांच की मांग

**नई दिल्ली ( ब्यूरो )**– सोशल मीडिया पर चर्चा में आई कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। इस याचिका में कथित फर्जी वकीलों, फर्जी लॉ डिग्री रैकेट और कॉकरोच जनता पार्टी से जुड़े लोगों की गतिविधियों की सीबीआई जांच की मांग की गई है। सुप्रीम



कोर्ट में यह याचिका वकील राजा चौधरी ने दाखिल की है। कॉकरोच जनता पार्टी हाल ही में सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा में आ गई है। कुछ दिन में ही उसके लाखों फॉलोअर्स हो गए हैं। सोशल मीडिया पर यह अभियान चीफ जस्टिस सूर्यकांत की कॉकरोच टिप्पणी के बाद शुरू हुआ था। अब इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में वकील राजा चौधरी ने याचिका दाखिल कर सीबीआई जांच की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने कोर्ट की मौखिक टिप्पणियों को काटकर वायरल करने, मीम बनाने और उनसे पैसे कमाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है।

## व्हाइट हाउस के पास फिर हुई फायरिंग

### सुरक्षा एजेंसियों ने हमलावर को किया ढेर

**वाशिंगटन ( एजेंसी )**– अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस के पास एक बार फिर सुरक्षा को चुनौती देते हुए गोलीबारी की घटना हुई है। अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों के अनुसार, एक संदिग्ध व्यक्ति व्हाइट हाउस के



पास स्थित सुरक्षा चेकपॉइंट पर पहुंचा और वहां तैनात अधिकारियों पर गोली चला दी। सीक्रेट सर्विस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, संदिग्ध व्यक्ति ने व्हाइट हाउस के पश्चिमी गेट के नजदीक स्थित चेकपॉइंट पर पहुंचकर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। उसने करीब 20-30 राउंड गोलियां चलाईं। जवाबी कार्रवाई में सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने भी गोलीबारी की, जिसमें संदिग्ध घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। संदिग्ध व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक राहगीर भी इस गोलीबारी में घायल हुआ है। व्हाइट हाउस को तुरंत लॉकडाउन कर दिया गया। काउंटर-स्नाइपर्स को छतों पर तैनात किया गया और स्टाफ को अंदर शिफ्ट कर दिया गया।

### घटना के समय ट्रंप अंदर थे

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय व्हाइट हाउस के अंदर थे। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि राष्ट्रपति और उनके परिवार को कोई खतरा नहीं पहुंचा। लॉकडाउन कुछ देर बाद हटा लिया गया।

## 'कर्मयोगी कृष्ण' बनी वर्ष 2024 की सर्वश्रेष्ठ पुस्तक

### राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने किया सम्मानित

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
24 मई ( पुनित महाजन )

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित उत्कृष्ट कृति वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में 'कर्मयोगी कृष्ण' पुस्तक को 'बेस्ट बुक ऑफ द ईयर-2024' पुरस्कार से सम्मानित किया। इसका लेखन हरियाणा सरकार में कार्यरत जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. कृष्ण के आर्य ने किया है। इसके लिए उन्होंने चंडीगढ़ साहित्य अकादमी का आभार व्यक्त किया।



राज्यपाल ने इस दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट लेखन कार्य करने वाले साहित्यकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के नवनिर्माण और नवीनीकरण में साहित्य का अहम योगदान होता है। इस प्रकार के आयोजन साहित्यिक लेखकों को रचनात्मक और अनुसंधानात्मक लेखन के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ. आर्य ने अपनी पुस्तक 'कर्मयोगी कृष्ण' के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि यह पुस्तक भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके महान चरित्र की शुद्ध अभिव्यक्ति है।

वर्तमान परिदृश्य में भगवान श्रीकृष्ण मानव मात्र के पुरोद्धा है। उनके जीवन की दिव्यता से आज का समाज रोशन हो रहा है। सृष्टि के अभी तक के काल में वही एक मात्र ऐसे चरित्र रहे हैं, जिनको अनेक ऋषियों ने उत्कृष्टता प्रमाण पत्र दिया है। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने तो यहां तक कहा है कि 'भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म से मृत्यु पर्यन्त कभी कोई अधर्म का कार्य नहीं किया। वह एक आप्त पुरुष थे'। परन्तु इसके इतर, कुछ लोग दुर्भावनाओं से ग्रसित होकर श्रीकृष्ण के चरित्र को गदला कर रहे हैं। उनके लिए चोर, लम्पट, रसिया जैसे अनैतिक और घटिया शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। इससे न केवल हमारी सत्य सनातन वैदिक संस्कृति के नायकों को बदनाम किया जा रहा है बल्कि विधर्मी लोगों में हम हंसी के पात्र बन रहे हैं।



## भोपाल में हुआ ट्विशा का अंतिम संस्कार, भाई मेजर हर्षित ने दी मुखाग्नि

### भदभदा विश्राम घाट पर अंतिम संस्कार

**भोपाल ( ब्यूरो )**– भोपाल के चर्चित ट्विशा शर्मा केस में एक बेहद भावुक पल सामने आया, जब दूसरे पोस्टमार्टम के बाद ट्विशा को अंतिम विदाई के लिए रवाना किया गया। परिवार ने भारी मन से भदभदा विश्राम घाट पर अंतिम संस्कार के रीति-रिवाज निभाई। ट्विशा के भाई मेजर हर्षित ने चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान माहौल गमगीन था और हर आंख नम नजर आई, क्योंकि एक परिवार अपनी बेटी ही नहीं, बल्कि अपने जीवन के सबसे अनमोल हिस्से को हमेशा के लिए अलविदा कह रहा था।

ट्विशा शर्मा का अंतिम संस्कार भोपाल के भदभदा विश्राम घाट पर हुआ। दूसरे पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजन सीधे घाट पहुंचे। पूरे समय परिवार और करीबी लोग गहरे सदमे में दिखाई दिए।

### परिजनों ने की भावुक अपील

अंतिम संस्कार से पहले ट्विशा के परिवार ने एक मार्मिक पत्र लिखकर लोगों और संगठनों से शामिल होने की अपील की थी। इस अपील में पिता का दर्द साफ झलक रहा था। उन्होंने लिखा कि जिस बेटी को उन्होंने गोद में खिलाया, कंधों पर बिठाया और दुल्हन बनाकर विदा किया, आज उसी की अर्थी को कंधा देना पड़ रहा है। परिवार ने कहा कि वे सिर्फ ट्विशा को नहीं, अपने जीवन के अमूल्य हिस्से को विदा कर रहे हैं।

## सोनीपत के मेयर राजीव जैन को मिली बड़ी जिम्मेदारी

### अखिल भारतीय महापौर परिषद हरियाणा इकाई के संयोजक नियुक्त

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
24 मई ( एएम नाथ )

सोनीपत नगर निगम के दूसरी बार निर्वाचित हुए मेयर राजीव जैन को अखिल भारतीय महापौर परिषद की हरियाणा ईकाई के संयोजक पद पर नियुक्त किया गया। इस आशय की नियुक्ति का पत्र परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेणु गुप्ता द्वारा जारी किया गया है।



राजीव जैन मेयर बनने से पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय बंसीलाल तथा हाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मुख्यमंत्री कार्यकाल में मीडिया सलाहकार के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। जैन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी के रूप में संगठन को मज़बूत करने के लिए कार्य कर चुके हैं।

राजीव जैन ने अपना राजनीतिक सफ़र छात्रसंघ के सचिव के रूप में शुरू किया और फिर राष्ट्रीय समाचार पत्रों में पत्रकार के रूप में सम सामयिक सामाजिक विषयो को प्रस्तुत किया। वर्ष 1996 में हरियाणा विकास पार्टी के प्रदेश महासचिव के रूप में हरियाणा विकास पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की सरकार बनाने में अहम कड़ी के रूप में काम किया। पिछले 18 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में हर ज़िम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं।

## बलटाना वार्ड नंबर 4 में कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब, चंडीगढ़ के वरिष्ठ नेताओं ने किया रोड शो

### चंडीगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं जलील अहमद कुरैशी, नेतराम राणा, राजबीर सिंह भारतीय और ताहिर खांन ने झोंकी ताकत

» प्रथम न्यूज । जीरकपुर/बलटाना
24 मई ( पुनित महाजन )

जीरकपुर पंजाब के वार्ड नंबर 4 (बलटाना) से कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार सुनीता के पक्ष में आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। इस मौके पर चंडीगढ़ कांग्रेस की तरफ से वरिष्ठ कांग्रेस नेता जलील अहमद कुरैशी, नेतराम राणा, राजबीर सिंह भारतीय और ताहिर खांन विशेष तौर पर बलटाना पहुंचे और चुनाव प्रचार की कमान संभाली।



प्रचार के आखिरी दिन वार्ड नंबर 4 में कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता के समर्थन में एक विशाल और भव्य रोड शो निकाला गया। इस रोड शो में भीषण गर्मी और तपती धूप की परवाह न करते हुए सैकड़ों की तादाद में बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रोड शो के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर घर जाकर परिवारों से मुलाकात की और कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने की पुरजोर अपील की।

### जनता का मिला अपार समर्थन

वार्ड नंबर 4 के निवासियों से मिल रहे भारी जनसमर्थन से गदगद कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि क्षेत्र की जनता बदलाव के मूड में है। चुनाव प्रचार का आखिरी दिन होने के कारण कांग्रेस पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है, जिससे 26.05.2026 को होने वाले मतदान में सुनीता की ऐतिहासिक जीत पूरी तरह से सुनिश्चित नजर आ रही है।

राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि वार्ड नंबर 4 की जनता से मिल रहा यह प्यार और विश्वास इस बात का प्रतीक है कि आने वाली 26 तारीख को लोग विकास और सच्चाई का साथ देकर कांग्रेस उम्मीदवार सुनीता को भारी मतों से विजयी बनाएंगे।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेतृत्व


इस विशाल रोड शो और जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस उम्मीदवार सुनीता, उनके पति आशीष कुमार के अलावा क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग और भारी संख्या में स्थानीय समर्थक मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में सुनीता को जिताने का संकल्प लिया।

## कायस्थ के लिए समर्पित है अ.भा.क.म. - डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव

» प्रथम न्यूज । नोएडा
24 मई ( डॉ. बी. के. मल्लिक )

नोएडा में आयोजित अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (अ.भा.क.म.) की दिल्ली-एनसीआर बैठक में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन पूरी तरह से कायस्थ समाज के हितों एवं उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहा है।

उन्होंने बताया कि महासभा द्वारा अब तक लगभग 70 हजार सदस्यों के कार्ड बनाए जा चुके हैं। इन कार्डधारकों को राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, आर्थिक एवं सामाजिक सहायता के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सुविधाएं एवं छूट प्रदान की जाती हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल से देशभर के कायस्थ परिवारों के बीच आपसी परिचय, सहयोग एवं सामाजिक एकता की भावना मजबूत हो रही है तथा समाज संगठित होने की दिशा



में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ के करीब 90 संस्था ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के समर्थन में एक साथ कार्य करने की सहमति दी है और कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में कायस्थ समाज की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। प्रशासन, शिक्षा, साहित्य, न्याय, पत्रकारिता एवं विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में कायस्थ समाज का योगदान उल्लेखनीय रहा है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि वे अपने-अपने संगठन एवं सरकार में कायस्थ समाज को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करें।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रभात कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त ब्रिगेडियर अनिल श्रीवास्तव, श्री आर.के. श्रीवास्तव, लेफ्टिनेंट जनरल संजीव श्रीवास्तव तथा श्री राजीव कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। सभा में उपस्थित समाज के बुद्धिजीवियों एवं पदाधिकारियों ने कायस्थ समाज की एकता, संगठन विस्तार एवं समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## कपूरथला जेल हिंसा के पीछे बड़ी साजिश की आशंका, जांच तेज

### जेल बवाल के बाद सुरक्षा बढ़ी, कैदियों से मोबाइल और हथियार बरामद

» प्रथम न्यूज । कपूरथला
24 मई ( एएम नाथ )

कपूरथला केंद्रीय जेल में हुई हिंसक झड़प के बाद अब पूरे मामले की जांच तेज कर दी गई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि जेल के भीतर कुछ कैदी किसी बड़ी साजिश की तैयारी में जुटे थे और शनिवार रात हुआ बवाल उसी योजना का हिस्सा हो सकता है। घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। अधिकारियों के मुताबिक, रविवार को जेल परिसर में विशेष तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान कैदियों के पास से लोहे की छड़ें, लाठियां और कई मोबाइल फोन बरामद किए गए। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि जेल के भीतर प्रतिबंधित सामान कैसे पहुंचा। पुलिस को शक है कि बाहरी नेटवर्क



के जरिए कैदियों के संपर्क बनाए जा रहे थे। घटना के दौरान दो कैदी घायल हुए, जबकि एक अन्य कैदी आंसू गैस के गोले की चपेट में आने से जख्मी हो गया।

पुलिस के अनुसार, कुछ कैदी बैरकों से बाहर निकलकर जेल की छत पर पहुंच गए थे। हालात को तनावपूर्ण बनाने के लिए कुछ कैदियों ने कपड़ों में आग भी लगा दी। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। जालंधर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक नवीन सिंगला ने बताया कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सभी कैदियों की गिनती कर ली गई है। उन्होंने कहा कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है और पूरे घटनाक्रम की गहन जांच होगी। इस बीच सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो भी जांच के दायरे में हैं। कुछ वीडियो में कैदी जेल अधिकारियों पर मारपीट और बल प्रयोग के आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि हर पहलू की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

## एकता सेवा संस्कार समर्पण के संकल्प के साथ सम्पन्न हुई ABKM की ऐतिहासिक NCR Meet

» प्रथम न्यूज । नोएडा
24 मई ( डॉ. बी. के. मल्लिक )

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (ABKM) द्वारा आयोजित प्रथम "NCR Meet @ AVI" शनिवार को आर्मी वेटरन्स इंस्टीट्यूट (AVI), सेक्टर-29, नोएडा में अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में देश की प्रशासनिक सेवाओं, सशस्त्र सेनाओं, न्यायपालिका, संस्कृति, शिक्षा एवं सामाजिक जीवन से जुड़ी अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने सहभागिता कर चित्रांश समाज की एकता, संगठन एवं सामाजिक पुनर्जागरण का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व कैबिनेट सचिव एवं झारखंड के पूर्व राज्यपाल श्री प्रभात कुमार (IAS) थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुप कुमार श्रीवास्तव (IRS) ने की।

अपने स्वागत उद्बोधन में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री धीरेंद्र प्रताप श्रीवास्तव ने कहा कि यह आयोजन केवल एक सामाजिक बैठक नहीं, बल्कि चित्रांश समाज को भावनात्मक रूप से जोड़ने एवं भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सशक्त सामाजिक संरचना निर्मित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज ने सदैव राष्ट्र निर्माण में बौद्धिक नेतृत्व प्रदान किया है और अब समय आ गया है कि समाज पुनः संगठित होकर राष्ट्रीय जीवन में अपनी प्रभावशाली भूमिका को और सुदृढ़ करे।

मुख्य अतिथि श्री प्रभात कुमार (IAS) ने कहा कि किसी भी समाज की शक्ति केवल उसके सफल व्यक्तियों में नहीं, बल्कि उसकी सामूहिक चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संगठनात्मक एकता में निहित होती है। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, नेतृत्व एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा आने वाले समय में एक सशक्त राष्ट्रीय सामाजिक मंच के रूप में उभर सकती है।

पूर्व रक्षा सचिव एवं पूर्व महासचिव, राज्यसभा श्री योगेन्द्र नारायण (IAS) ने कहा कि शिक्षित एवं बौद्धिक समाज होने के कारण कायस्थ समाज की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने संवाद, समन्वय एवं वैचारिक एकता को समाज की प्रगति का आधार बताया।

पूर्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त श्री राजीव (IPS) ने अपने संबोधन में नैतिकता, पारदर्शिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को समाज की सबसे बड़ी पूंजी बताया। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक नेतृत्व एवं ईमानदार



सार्वजनिक जीवन के लिए प्रेरित किया।

पूर्व डीजीपी, उत्तर प्रदेश श्री आनंद श्रीवास्तव (IPS) ने कहा कि संगठित समाज ही भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी सामना कर सकता है। उन्होंने अनुशासन, सामाजिक जागरूकता एवं पारिवारिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रधानमंत्री कार्यालय की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के पूर्व सचिव श्री शिव सहाय (IPS) ने कहा कि राष्ट्रीय चेतना एवं सामाजिक समरसता एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित एवं सामाजिक नेतृत्व में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

पूर्व चेयरमैन, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया श्री आर.के. श्रीवास्तव (IAS) ने कहा कि समाज को शिक्षा, तकनीकी दक्षता एवं प्रशासनिक सेवाओं में नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए संगठित प्रयास करने होंगे।

भारतीय सेना के पूर्व इंजीनियर-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल संजीव श्रीवास्तव (PVSM, AVSM) ने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सीमाओं की सुरक्षा से नहीं, बल्कि सामाजिक चरित्र निर्माण एवं सामूहिक एकजुटता से भी होता है।

पूर्व महानिदेशक, RVC लेफ्टिनेंट जनरल जे.के. श्रीवास्तव (AVSM) ने युवाओं में अनुशासन, सेवा भावना एवं राष्ट्र गौरव की भावना विकसित करने पर बल दिया।

धर्मगुरु स्वामी चक्रपाणि महाराज ने भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक चेतना को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए संस्कार आधारित सामाजिक निर्माण का संदेश दिया।

पद्मश्री सम्मानित विख्यात कथक नृत्यांगना बहनों नलिनी एवं कमलिनी ने भारतीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को समाज की आत्मा बताते हुए नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुप कुमार श्रीवास्तव (IRS) ने महासभा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सामाजिक एवं संस्थागत अभियानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संगठन ने स्वास्थ्य, फार्मेसी, डायग्नोस्टिक्स, शिक्षा, कोचिंग, विधिक सहायता, छात्रवृत्ति, वास्तु एवं आर्किटेक्चर, होटल, सामाजिक सेवा एवं तीर्थयात्रा जैसे क्षेत्रों के लिए अलग-अलग विभागों का गठन किया है। प्रत्येक विभाग के लिए अलग विभागाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं तथा उनकी स्पष्ट भूमिका एवं जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं।

उन्होंने बताया कि महासभा द्वारा चलाया जा रहा K-Card अभियान तेजी से राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हो रहा है तथा अब तक लगभग 70,000 K-Card Holders संगठन से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि K-Card धारकों को स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पतालों, डायग्नोस्टिक सेंटरों, फार्मेसी, शिक्षा संस्थानों, कोचिंग सेंटरों, होटल, आर्किटेक्चर सेवाओं एवं अन्य क्षेत्रों में विशेष सुविधाएं तथा कई स्थानों पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि महासभा द्वारा जरूरतमंद परिवारों के लिए निःशुल्क विधिक सहायता, छात्रवृत्ति योजनाएं, निःशुल्क शिक्षा सहयोग एवं निःशुल्क तीर्थयात्रा योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं।

वरिष्ठ राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ब्रिगेडियर अनिल श्रीवास्तव (VSM) ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसके संगठन, अनुशासन एवं सेवा भावना में निहित होती है। उन्होंने कहा कि महासभा का उद्देश्य केवल सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि युवाओं, विद्यार्थियों एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए एक स्थायी सहायता तंत्र तैयार करना है। उन्होंने युवाओं से समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व को समझने और नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

महामंत्री श्री अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि NCR Meet समाज के बौद्धिक एवं संगठनात्मक पुनर्जागरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि महासभा "Networking with Purpose" की अवधारणा पर कार्य कर रही है, जिसके माध्यम से समाज के अनुभवी एवं सफल लोग युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे तथा जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करेंगे।

उपाध्यक्ष (संगठन) श्री राजीव वर्मा एवं NCR प्रभारी श्री राजीव सिन्हा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों, पेशों एवं पीढ़ियों को एक साझा मंच पर जोड़ना है, ताकि सामाजिक समन्वय एवं सहयोग को और मजबूत किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान Membership Drive एवं K-Card अभियान का औपचारिक विस्तार भी किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित समाजबंधुओं ने एकता सेवा संस्कार समर्पण के मंत्र के साथ संगठित एवं प्रगतिशील चित्रांश समाज के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।